आषाढ़ कृष्ण पक्ष -6, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 07 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 जून 2024
गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
34 अधिकतम
26 न्यूनतम


Page- 7

# 79033 शेयर बाजार में सेंसेक्स का नया मुकाम!

**मुंबई एजेंसी।**
भारतीय शेयर बाजार ने आखिर वह आंकडा भी छू लिया जो कुछ समय पहले तक अकल्पनीय था। इस सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन आज बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने इतिहास रचते हुए पहली बार 79000 का आंकड़ा पार कर लिया। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कदमताल करते हुए रोजाना नया ऑल टाइम हाई लेवल छूता जा रहा है, लिहाजा निफ्टी 24,000 के आंकड़े के करीब पहुंच गया,इसके काफी समय से पच्चीस हजार का लेवल छूने के कयास लग रहे हैं। संसद का नया सत्र शुरू होने और बजट की आमद के बीच यह छलांग काफी संकेतभरी मानी जा रही है।

खास बात यह है कि आज शेयर बाजार की शुरूआत सुस्त हुई थी। मार्केट ओपन होने के साथ बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले बंद 78,674.25 की तुलना में मामूली गिरावट के साथ 78,758.67 के लेवल पर ओपन हुआ था, लेकिन कुछ देर बाद इसमें अचानक तेजी आने लगी और 150 अंक से ज्यादा उछलकर सेंसेक्स ने रिकॉर्ड बनाते हुए 79,000 का स्तर पहली बार पार कर लिया, इसने 79,033.91 का नया ऑल टाइम हाई लेवल छू लिया। सेंसेक्स की तरह ही निफ्टी ने भी बीते कारोबारी दिन की अपनी क्लोजिंग 23,868.80 से मामूली बढ़त लेते हुए 23,881.55 के लेवल पर कारोबार की शुरुआत की, लेकिन फिर अचानक इसमें भी उछाल आ गया और ये 23,974.70 के नए शिखर पर पहुंच गया. शेयर बाजार ने जहां नया मुकाम हासिल किया है, तो वहीं कुछ शेयर ऐसे रहे, जिन्होंने मार्केट को जबरदस्त सपोर्ट दिया है।




## निफ्टी भी उड़ान पर, बाजार में बजट के पहले बहार

### रिलायंस का शेयर 3000 रुपए के पार निकला

जबर्दस्त सपोर्ट देने वाले शेयर्स में सबसे आगे अल्ट्राटेक सीमेंट है, जिसका शेयर 3.16 फीसदी चढ़कर 11,502.35 रुपये के लेवल पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, 1.53 फीसदी की तेजी लेकर 933.45 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। एशिया के सबसे अमीर मुकेश अंबानी की रिलायंस का शेयर लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ कारोबार कर रहा है और 3000 रुपये के पार निकल गया है। शेयर में दो दिनों से जारी तेजी के चलते कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन फिर 20 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू का अभिभाषण, सरकार का रोडमैप बताया...

# संसद में फिर आपातकाल का जिक्र पेपर लीक समेत कई मामलों में फिक्र





**नई दिल्ली , एजेंसी।**
राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने आज 18वीं लोकसभा के पहले सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कई मायनों में ऐतिहासिक लोकसभा है। यह देश के संविधान को अपनाने के 56वें वर्ष की भी साक्षी बनेगी। आगामी सत्रों में यह सरकार अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है। यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के विजन का प्रभावी दस्तावेज होगा। बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ-साथ इस बजट में कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल का भी जिक्र किया और कहा कि संविधान पर अनेक बार हमले हुए, आपातकाल के वक्त देश में हाहाकार मच गया था। उन्होंने कहा कि एक सशक्त भारत के लिए हमारी सेनाओं में आधुनिकता जरूरी है। युद्ध की स्थिति में हम सर्वश्रेष्ठ बनें-इसके लिए सेनाओं में सुधार की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए। इसी सोच के साथ मेरी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले एक दशक में हमारा रक्षा निर्यात 18 गुना बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। राष्ट्रपति ने कहा, मेरी सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों - विनिर्माण, सेवाएं और कृषि को बराबर महत्व दे रही है। बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पारंपरिक सेक्टर के साथ-साथ सनराइज सेक्टर को भी मिशन मोड पर बढ़ावा दिया जा रहा है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने कहा, देश में छह दशक के बाद पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार बनी है। लोगों ने इस सरकार पर तीसरी बार भरोसा जताया है। लोग जानते हैं कि सिर्फ यही सरकार उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है।

दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने आज राष्ट्रपति के अभिभाषण का का बहिष्कार किया। पार्टी का आरोप है कि मौजूदा केंद्र सरकार विपक्ष पर असंवैधानिक तरीके से हमला कर रही है और आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। आप का आरोप है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है।

### किसानों को बीस हजार करोड़

***राष्ट्रपति ने कहा, 'सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की है। सरकार के नए कार्यकाल की शुरुआत से अब तक 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है।***

### पेपर लीक पर सख्त

राष्ट्रपति ने अभिभाषण में पेपर लीक का जिक्र भी किया व कहा, 'पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। इस मामले पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देश व्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है।'

### सेंगोल पर बवाल

संसद में स्थापित किए गए सेंगोल पर सियासत फिर गर्मा गई है। विपक्षी दलों ने स्पीकर के आसन के पास स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है। समजवादी पार्टी ने सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताया तथा उसकी जगह संविधान स्थापित करने की मांग की है। सपा सांसद आरके चौधरी ने कहा है कि पिछले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार ने संसद में 'सेंगोल' स्थापित किया। 'सेंगोल' का अर्थ है 'राज-दंड' जबकि रियासती व्यवस्था को खत्म करके देश आजाद हुआ। कांग्रेस ने सेंगोल मुद्दे पर सपा का समर्थन किया है। रेणुका चौधरी ने कहा कि बीजेपी ने अपनी मर्जी से सेंगोल लगा दिय। आरजेडी की मीसा भारती ने कहा कि सेंगोल को हटाना चाहिए, ये लोकतंत्र में है, राजतंत्र में नहीं।



## पीएम जनऔषधि केंद्र योजना का विस्तार

# अब 61 रेल्वे स्टेशनों पर भी मिलेंगी सस्ती दवाएं

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
अब रेलवे स्टेशनों पर भी सस्ती दवाओं की दुकानें होंगी। भारतीय रेलवे ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लेते हुए 61 से अधिक रेल मंडलों के स्टेशनों को चयनित किया है। इसमें पुरानी दिल्ली, यूपी के प्रयागराज, अलीगढ़, गोंडा, बस्ती, बलिया, वाराणसी सिटी, फर्रूखाबाद और उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान समेत दूसरे राज्यों के रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इन स्टेशनों पर जल्द ही सस्ती दवाओं की दुकानें खुलेंगी। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र में करीब 1963 दवाइयां और 293 सर्जिकल उपकरण की बिक्री की जाती है। यहां एंटी-कैंसर, एंटी-डायबिटिक्स, एंटी-इंफेक्टिव्स, एंटी-एलर्जिक, गैस्ट्रो समेत विभिन्न उत्पादों की रोग-प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने वाली दवाइयों की बिक्री की अनुमति है। एलोपैथ के साथ आयुर्वेदिक उत्पादों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। हाल ही में रेलवे बोर्ड ने कहा है कि 61 स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया तेज की जाए। इसके पहले ही 50 रेलवे स्टेशनों पर इस तरह के केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया था। रेलवे ने स्टॉल खोलने के इच्छुक लोगों को आवेदन करने के लिए कहा गया है।




## सीएए के तहत तीन को नागरिकों को प्रमाणपत्र दिए सीएम ने

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत राज्य के तीन प्रथम आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाणपत्र प्रदान कर रहे हैं। आज वे मंत्रालय में अनुसूचित जाति जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण (स्कूल एवं कॉलेज) के संबंध में समीक्षा करेंगे। दोपहर को डॉ यादव भोपाल में प्रस्तावित वृक्षारोपण की तैयारी बैठक करेंगे। शाम को वे जल जीवन मिशन और परिवहन विभाग की समीक्षा करेंगे। इन बैठकों में संबंधित विभागों मौजूदा कार्यप्रणाली भी मुख्यमंत्री के रडार पर रहेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सुबह अपने निवास पर रिलायंस ग्रुप के अधिकारियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आज सुबह दिल्ली प्रवास से भोपाल लौटे थे।



## संक्रमण के चलते आडवाणी देर रात एम्स में भर्ती, हालत स्थिर

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को पेशाब में संक्रमण के कारण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भर्ती कराया गया है और उनकी स्थित स्थिर है। सूत्रों ने बताया कि पेशाब की नली में संक्रमण के कारण उन्हें बुधवार की रात में करीब 11 बजे एम्स में लाया गया। उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। गौरतलब है कि 96 वर्षीय आडवाणी उम्र संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं और आमतौर पर डॉक्टर उनका घर पर ही जांच करते हैं, उल्लेखनीय है कि केंद्र में तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद भाजपा के तमाम नेता उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।



## संयुक्त राष्ट्र में फिर पाक को खरीखोटी सुनाई भारत ने

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को जमकर खरी-खरी सुना दी है। दरअसल, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के एक सत्र के दौरान जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया तो जवाब देते हुए भारत ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की आधारहीन टिप्पणियों के लिए उसकी आलोचना की। उसने टिप्पणियों को राजनीति से प्रेरित और निराधार बताया तथा यह भी कहा कि यह उसके अपने देश में बच्चों के खिलाफ जारी गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है। दरअल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर खुली बहस के दौरान, संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अलग-अलग हिस्से हैं।



**मेट्रो एंकर**


## ऐपल की सहायक कंपनी की नीति पर बवाल, केन्द्र ने मांगा जवाब...

# रिस्क फैक्टर: शादीशुदा महिलाओं को जॉब से इंकार!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
ऐपल के आईफोन असेंबली प्लांट का संचालन करने वाली फॉक्सकॉन कंपनी अब केंद्र सरकार के निशाने पर आ गई है। इस कंपनी द्वारा फैक्ट्री में शादीशुदा महिलाओं को जॉब न देने के मामले सामने आने पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने तमिलनाडु लेबर डिपार्टमेंट से पूरी रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने समान पारिश्रमिक अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि उसने कई मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान दिया है, जिसमें दावा है कि तमिलनाडु में फॉक्सकॉन इंडिया एप्पल आईफोन प्लांट में शादीशुदा महिलाओं को जॉब ऑफर नहीं किए जा रहे। इन रिपोर्टों में शेयर की गई जानकारी को लेकर मंत्रालय ने तत्काल तमिलनाडु सरकार के श्रम विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### ऐसे हुई भेदभाव की पुष्टि

**पार्वती के मुताबिक, इस मामले में वहां के कई लोगों को पता है और इंटरव्यू के लिए जिस ऑटो से वे दोनों फैक्ट्री में पहुंची थीं, उस ऑटो के ड्राइवर ने भी उन्हें फॉक्सकॉन के शादीशुदा महिलाओं के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये के बारे में चेतावनी दी थी और हुआ भी कुछ ऐसा ही। रिपोर्ट के मुताबिक, फॉक्सकॉन इंडिया के पूर्व एचआर कार्यकारी एस. पॉल ने भी इस तरह की प्रथा की पुष्टि की है और कहा है कि फाक्सकान का मानना है कि पारिवारिक जिम्मेदारियों और संभावित गर्भधारण के कारण विवाहित महिलाएं रिस्क फैक्टर पैदा करती हैं।**



सरकार ने साफ किया है कि राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों के प्रवर्तन और प्रशासन के लिए उपयुक्त प्राधिकारी है, दरअसल दो दिन पहले रायटर्स की एक जांच रिपोर्ट में जानकारी दी गई थी कि फॉक्सकॉन ने चेन्नई के पास अपने आईफोन प्लांट में विवाहित महिलाओं को नौकरियों से बाहर रखा है। क्योंकि कंपनी का मानना है कि विवाहित महिलाओं के पास अविवाहित महिलाओं के मुकाबले अधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां होती हैं, इसलिए कंपनी उन्हें काम नहीं देना चाहती।

रिपोर्ट के मुताबिक, आईफोन निर्माता कंपनी ऐपल इंक के लिए असेंबलिंग का काम करने वाली फॉक्सकॉन में शादीशुदा महिलाओं की जॉब एप्लीकेशन को ही रिजेक्ट कर दिया जाता है। जांच में सामने आया है कि ऐपल व फाक्सकान दोनों में ही इस तरह के मामले सामने आए। दो बहनों पार्वती और जानकी का जिक्र किया गया है, जो 20 साल की हैं। भर्ती विज्ञापन देखने के बाद ये दोनों बहनें इंटरव्यू के लिए इस प्लांट में पहुंची थीं, लेकिन मैनगेट पर मौजूद सुरक्षा अधिकारी ने उन्हें इंटरव्यू नहीं देने दिया और गेट से ही वापस लौटा दिया. रिपोर्ट में कहा गया है कि उस अधिकारी ने दोनों से सवाल किया था कि 'क्या आप शादीशुदा हैं?' हां, में जबाव देते ही उसने दोनों शादीशुदा महिलाओं को वापस जाने के लिए कह दिया।

# प्रणति में बरसी अवध की मिठास

## रविंद्र भवन में गायन, वादन की सभाएं सजीं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

संस्कृति विभाग तथा संगीत नाटक अकादमी के आयोजन 'प्रणति' के दूसरे दिन गायन, वादन एवं नृत्य की तीन सभाएं सजीं। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित लोकगायिका मालिनी अवस्थी के गायन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अवध की मिठास कंठ में भर वर्षों की साधना जब रवींद्र भवन के सभागार में सुरों के माध्यम से बिखरी तो श्रोताओं का अंतरंग संगीत के सुरीले सागर में डूब गया। कला साधना से रूबरू होने कला प्रेमी बड़ी संख्या में रवींद्र भवन पहुंचे।

गायन से पहले मंच पर मालिनी अवस्थी ने कहा कि सांस्कृतिक चेतना के मामले में मप्र अव्वल है। जब-जब हम कलाकार इस धरती पर प्रस्तुति देने आते हैं तो धन्य हो जाते हैं। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग गौर मल्हार से की, जिसमें उन्होंने झुक आई बदरिया सावन की... बंदिश प्रस्तुत की। इसके बाद ठुमरी प्रस्तुत की, जिसमें तिलक कामोद और राग देश आधारित अब के सावन घर आये... सुनाया। उन्होंने आगे दादरा पेश किया, जिसके बोल थे बालम तोरे झगरे में रैन गई...। इसी क्रम में झूला गीत - सावन झरी लागैला धीरे-धीरे... सुनाया। उन्होंने अंत में काहे करेलू गुमान गोरी... और अम्मा मेरी बाबा को भेजो नी... गाकर प्रस्तुति को विराम दिया। इस दौरान हारमोनियम पर पं. धर्मनाथ मिश्रा, तबले पर पं. राम कुमार मिश्रा और सारंगी पर मुराद अली खान ने संगत दी।

इसके पश्चात मोहन वीणा वादक एवं पद्म भूषण पं. विश्व मोहन भट्ट एवं उनके पुत्र सलिल भट्ट की मोहन वीणा-सात्विक वीणा की जुगलबंदी सभा सजी। पं. विश्व मोहन भट्ट ने प्रस्तुति की शुरुआत स्वरचित राग विश्वरंजिनी से की। इसके बाद उन्होंने 45 साल पहले बनाई डेजर्ट स्लाइड नाम की रचना प्रस्तुत की।

### लोग परेशान, निगम सुन नहीं रहा, बिल्डर पहले ही पीछा छुड़ा चुके

# बिल्डरों ने तानी कॉलोनी, लोग रहने लगे लेकिन समस्याएं कम होने की बजाए बढ़ी

### शहर में ऐसी 800 से अधिक कॉलोनियां, लाखों लोग परेशान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिल्डरों ने कॉलोनियां तान दी, उनमें लोग भी रहने लगे लेकिन समस्या कम होने की बजाए बढ़ती जा रही है। इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग कभी स्ट्रीट लाइट बंद होने की समस्या से जूझ रहे हैं तो कभी नाली और सड़क की कमी जान ले रही हैं। इसके इतर जिन सुख–सुविधाओं की दरकार है वे तो मिलती ही नहीं है। शहर में ऐसी एक या दो कॉलोनी नहीं है बल्कि 800 से अधिक अधिक हैं, जिनमें लाखों परिवार रहते है। निगम को इसकी चिंता नहीं है, महापौर ने आज तक इस दिशा में कोई प्रयास ही नहीं किए। अब बारिश का दौर शुरू होने वाला है, यहां के लोगों की समस्या कई गुनी बढ़ने वाली है।

- **ड्रेनेज व्यवस्था नहीं:** इन कॉलोनियों में ड्रेनेज सिस्टम नाम का है, जो बारिश में काम नहीं आता। नतीजा– पानी भर जाता है। करोंद बायपास क्षेत्र की कॉलोनियों में बीते वर्ष ऐसी घटनाओं से त्रस्त आकर रहवासियों ने सड़क जाम की थी।
- **बिजली महंगे दामों पर मिल रही:** शहर के आम उपभोक्ताओं को जहां सस्ती बिजली मिलती है वही बिल्डरों द्वारा तानी गई इन कॉलोनियों में रहवासी एक से डेढ़ रुपये महंगे दामों पर बिजली खरीद रहे हैं, क्योंकि इन्हें सीधे बिजली कंपनी से कंनेक्शन नहीं मिले हैं। कुछ जगहों पर बिल्डर कंपनी से बिजली लेते हैं और फिर इन रहवासियों को महंगे दामों पर दे रहे हैं।
- **सड़क नहीं, जहां है वहां खराब:** इन कॉलोनियों में सड़कें नहीं हैं, कच्चे रास्तों से होकर आना–जाना पड़ता है। जिन क्षेत्रों में सड़कें बनाई भी गई तो वहां गिट्टियां निकल गई, गड्ढों में सड़कें गायब हो गईं।
- **निगम की पेयजल व्यवस्था नहीं:** निगम ऐसी कॉलोनियों में पानी नहीं दे रहा है, इसमें कॉलोनियों का हस्तांतरण नहीं होना आड़े आ रहा है और यह प्रक्रिया निगम और संबंधित बिल्डरों के बीच समन्वय नहीं होने के कारण वर्षों से अटकी पड़ी है।
- **लोगों के पास विकल्प नहीं:** इन समस्याओं से लड़ने के लिए लोगों के पास विकल्प नहीं है। उनका कहना है कि हम काम धंधे वाले लोग हैं, प्रदर्शन करने बैठ जाएंगे तो एक दिन का काम मारा जाएगा। बड़ी समस्या यह है कि यह समस्या छोटी लगती है और इस दिशा में विपक्षी नेता भी नहीं कूदना चाहते, क्योंकि यहां से उन्हें कोई राजनीतिक लाभ तुरंत के लिए दिखाई नहीं देता। लोग अकेले परेशान हो रहे हैं।

# जर्जर हालातों से जूझ रहे स्कूलों डीपीआई को जांच के निर्देश

### आयोग ने स्कूलों की समस्याओं के निराकरण के साथ मांगी रिपोर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के कुछ सरकारी स्कूलों में अव्यवस्थाओं और विद्यार्थियों के परेशान होने के मामले में संज्ञान लेते हुए आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यथाशीघ्र उनके निराकरण हेतु की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। साथ ही इन विद्यालयों में गत वर्ष के अनुभव से व्याप्त अव्यवस्थाओं के संबंध में नये शैक्षणिक सत्र के पूर्व या वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व कोई कार्यवाही नहीं किये जाने का युक्तियुक्त कारण भी प्रेषित करें।

**कहीं ना शौचालय, न पानी, तो कहीं स्कूल के सामने मलबे का ढेर, खुला नाला:** भोपाल के वीवीआइपी इलाके राजभवन से सटी रोशनपुरा बस्ती में 25 वर्षों से शासकीय प्राथमिक शाला संशनपुरा सामुदायिक भवन में लगती है। यहां ना तो शौचालय की व्यवस्था है और न ही पानी की। कक्षाएं गोल-गोल घेरे में लगाई जाती हैं और अलग-अलग बोर्ड पर पढ़ाई होती है। मंत्रालय से कुछ ही दूरी पर मालवीय नगर स्थित शासकीय अथमिक शाला, पत्रकार भवन के भी ऐसे ही कुछ हाल है। जहां एक कमरे में पांच कक्षाएं लगाई जाती हैं। कहीं 79 बच्चों पर सात शिक्षक हैं तो कहीं 22 बच्चों पर तीन। जबकि, प्रदेश के 22 हजार सरकारी स्कूल ऐसे भी हैं, जहां पूरा दारोमदार एक-एक शिक्षक पर है। शाहपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के सामने मलबे का ढेर है तो नाला भी खुला पड़ा है। स्कूल में पहली से पांचवी कक्षा तक 89 विद्यार्थी पढ़ते हैं। बच्चे स्कूल तक पहुंच सकें, इसलिए शिक्षकों ने नाले पर फर्शियां रखकर रास्ता बनाया है। शहर में बीते शुक्रवार तड़के पहली तेज बौछारें पड़ीं और नाले की दीवार भी गिर गई। ऐसे में वर्षा में नाला उफनेगा तो विद्यार्थियों के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। मामले में आयोग ने कलेक्टर, भोपाल एवं जिला परियोजना समन्वयक को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्राथमिक शाला के बच्चों के स्कूल आवागमन के लिए सुरक्षित उपाय किये जाने है के संबंध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## गोयल ने किया पदभार ग्रहण

अशोक गोयल, आई.पी.एस. (2003) पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस सुधार, पुलिस मुख्यालय, भोपाल से स्थानांतरित होकर दिनांक 24 जून, 2024 को पुलिस महानिरीक्षक, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल में पदभार ग्रहण कर लिया है।

## मोहनलाल ज्ञानचंदानी के नेत्रों का दान



**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर निवासी 83 वर्षीय श्री मोहनलाल ज्ञानचंदानी का निधन बुधवार को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र भरत कुमार ज्ञानचंदानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2120 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

# हमेशा थामे रखें भक्ति की डोर: मुकेशजी

### शिव महापुराण कथा का तृतीय दिवस

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

महा मृत्युंजय शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर कथा वाचक मुकेशजी महाराज ने कहा कि भक्ति की डोर को हमेशा थामे रखिए ये डोर टूटनी नहीं चाहिए। सुख-दुःख इस जीवन में आपको दोनों मिलेंगे। शिव महापुराण कथा से परम भाव प्राप्त होता है, जिसमें सुख दुःख का कोई फर्क नहीं पड़ता। शास्त्रों में शरीर को सबसे बड़ा धन कहा गया है, शरीर सही होगा तभी आप पूजा पाठ कर पाओगे।

मुकेशजी ने कहा कि दिन में कुछ समय आप प्रभु के लिए दीजिए। प्रभु आपको पूरा समय साथ देगा। धन और और पद अपने साथ अहंकार लाता है। अपने ऊपर अहंकार को हावी होने ना दीजिए। संसार में खाली हाथ आए थे, खाली हाथ जाएंगे। इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं है, बच्चा सबसे पहले मां को ही देखता हैं फिर मां सबसे परिचय करवाती हैं। भगवान गणेशजी ने माता की आज्ञा मानकर पिता महादेव को रोका था कि मां की आज्ञा मिलने के बाद ही आप अंदर आ पाओगे। मां की आज्ञा मानने वाला पुत्र सदा तरक्की करता है। माता-पिता के ऋण को कोई नहीं उतार सकता। कथा का श्रवण बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने किया।



## जनपरिषद का वार्षिक समारोह 30 को

**भोपाल।** अग्रणी संस्था जनपरिषद के 35 वा वार्षिक समारोह सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ऋषि शुक्ला, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा, पूर्व डीजीपी डी पी खन्ना, पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी महान भारत सागर, पूर्व आईएएस अजातशत्रु श्रीवास्तव, एस के मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर, प्रगति सेठ एवं मिसेज वर्ल्ड वाइड भूमिका सिंह की विशिष्ठ उपस्थिति में, आगामी 30 जून को, शाम चार बजे, स्टेट म्यूजियम श्यामला हिल्स, में आयोजित किया गया है।

## सीवेज चेम्बर खुले होने की वजह से हो सकती है दुर्घटना

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने एक बयान जारी कर संतनगर में खुल चैंबर पर चिंता जाहिर की है। देवानी ने कहा है कि संतनगर के प्रेमचंदानी मार्ग पर बीती रात को बच्ची साइकिल चलाकर घर की ओर जा रही थी, सीवेज चेम्बर खुले होने की वजह से सीवेज चेम्बर में जा गिरी, जिसे राहगीरों ने सुरक्षित निकाला।

**मेट्रो एंकर** — संतनगर के मीसाबंदी वासवानी व पारवानी का सम्मान

# 'आपातकाल को कभी न भूलें, नहीं तो फिर दोहराएगा'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के मीसाबंदियों ने बच्चों के सामने आपातकाल की यादों को साझा किया। मौका था संस्कार स्कूल में मीसाबंदी मिशन लोकतंत्र सैनानियों के सम्मान का। शाला परिवार और विद्यार्थियों ने नरेश वासवानी और कर्नल नारायण पारवानी का सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बताया कि साल 1975 में इंदिरा गांधी अपना शासन बचाने के लिए तानाशाह बन गयी थीं, जो इसके विरोध में थे उनको रातों रात पुलिस ने उठा लिया था, जबकि उनका कोई दोष नहीं था। उस समय देश की सेवा के लिए बैरागढ़ के भी दो मीसाबंदी नरेश वासवानी और नारायण पारवानी भी थे, जिनका हम आप सम्मान कर रहे है।

सचिव बसंत चेलानी ने बताया कि इमरजेंसी के समय नरेश वासवानी 18 और नारायण पारवानी 22 साल के थे। अलग-अलग स्थानों से दोनों को गिरफ्तार किया गया था। वासवानी बहन उमा के साथ सिंधु टॉकीज में हुए आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में परचे बांटते हुए गिरफ्तार किए गए थे। जबकि कर्नल पारवानी को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। पारवानी ने जेल में रहकर ही अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी थी। प्रिंसिपल के लिखित आश्वासन पर 6 माह बाद रिहा किया गया, जबकि नरेश वासवानी 19 माह जेल में रहे और इमरजेंसी खत्म होने के बाद रिहा हुए थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।



## मीसाबंदियों ने आपातकला की यादों को किया साझा

### संतनगर में लोकतंत्र सेनानियों का हुआ सम्मान

**संतनगर** के मीसा बंदियों ने इमरजेंसी की यादों को ताजा किया। कहा, इतिहार के काले दिनों को याद रखना चाहिए। यदि भूल गए तो कभी ने कभी वह फिर सामने आ सकता है।

संस्कार स्कूल में आयोजित मीसाबंदी सम्मान समारोह में मीसाबंदी कर्नल पारवानी ने कहा कि चाणक्य ने कहा था कि जो समाज, जो देश अपने इतिहास को भूल जाता है और उस इतिहास में यदि कोई काला अध्याय होता है तो कभी-कभी उस इतिहास को याद दिलाना पड़ता है। हमें 25 जून 1975 को लगाया आपातकाल को कभी नहीं भूलना चाहिए। मीसाबंदी नरेश वासवानी ने कहा कि 1975 में इंदिरा गाँधी ने चुनाव हारने के बाद आपातकाल लगा दिया था और देश में जो भी नेता उसका विरोध कर रहे थे उनको जेल में डाला जा रहा था। तानाशाही शासन चल रहा था और आप उसका विरोध नहीं कर सकते थे, लेकिन उसके विरोध में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने एक आंदोलन चलाया था जिसमें मैं भी शामिल था और मुझे भी 19 माह के लिए जेल में डाल दिया था।

# छोटे-छोटे प्रशासनिक फेरबदल के बीच बड़े कयास

## राज्य को मिलने वाले हैं नए मुख्यसचिव व डीजीपी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में प्रशासन व पुलिस के नए मुखिया के नाम पर अभी से चर्चा तेज हो चली है। मुख्यसचिव वीरा राणा सितंबर में कार्यकाल पूरा कर रही हैं। हाल में राजेश राजौरा को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव पदस्थ करने के बाद उनके नाम के आसार तेज हो गये हैं, उनके पास अभी करीब ढाई साल का कार्यकाल भी शेष है। राजौरा के साथ ही मो सुलेमान का नाम भी है तो अनुराग जैन का नाम भी लंबे समय से आ रहा है। लेकिन राजौरा के नाम पर पुख्तगी बढती जा रही है। इसे सचिवालयव के अफसर आंक भी रहे हैं। उधर पुलिस के मुखिया डीजीपी सुधीर सक्सेना के कार्यकाल के अभी



पांच माह बचे हैं वे नवंबर में रिटायर होंगे। लिहाजा पहले तीन बड़े दावेदारों का नाम उभरा है। इसमें अजय शर्मा, गोविंद प्रताप सिंह और कैलाश मकवाना हैं। शर्मा 1989 बैच के हैं। वह अगस्त 2026 में सेवानिवृत होंगे यानी सेवा के दो वर्ष से अधिक बचे हैं। सिंह भी इसी बैच के हैं। वह जुलाई 2025 में रिटायर होंगे। वरिष्ठता के मान से मौजूदा स्पेशल डीजी शैलेश सिंह हैं मगर वे फरवरी में 2025 में ही सेवानिवृत हो जाएंगे। इसके बाद डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार (1988 बैच) मई 2025 में सेवानिवृत हो जाएंगे। इसी बैच के सुधीर शाही जनवरी 2025 में ही रिटायर होगें। इस तरह कैलाश मकवाना के पहले तीनों वरिष्ठों का कार्यकाल एक वर्ष भी नहीं बचा है। उल्लेखनीय है कि एक माह के भीतर दो बार पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कुछ जिलों में बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। ऐसे में सूत्रों का मानना है कि उन्होंने पुलिस मुख्यालय में एडीजी स्तर के अफसरों की नये सिरे से पदस्थापना के लिये कुछ नामों पर विचार भी शुरू कर दिया है। उधर विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त में फिर किसी डीजी स्तर के अधिकारी को पदस्थ किया जा सकता है। दिसंबर 2022 से यहां एडीजी योगेश चौधरी पदस्थ हैं।







### लोकतंत्र रक्षकों के सम्मेलन में सीएम की घोषणा

# स्कूलों में अब आपातकाल का पाठ और मीसाबंदियों को कई सौगात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अब देश में आपातकाल का काला अध्याय मप्र के स्कूल और कालेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगा। इसमें आपातकाल के खिलाफ संघर्ष में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के योगदान का उल्लेख किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में कीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी, साथ ही एयर टैक्सी किराए में 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी।



यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को जीवंत बनाए रखने में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान है। आपातकाल के काले दौर में इन सेनानियों ने संघर्ष करके लोकतंत्र को सच्चे अर्थों में स्थापित किया। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 750 मीसाबंदी और उनके परिजन सीएम हाउस में मौजूद थे।

### लोकतंत्र रक्षकों को कई सुविधाएं

अब लोकतंत्र रक्षकों को सर्किट हाऊस और विश्राम गृह में तीन दिन तक रुकने की सुविधा तथा किराये में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा बचे हुए सेनानियों को ताम्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। पास दिखाने पर टोल नाकों पर भी छूट रहेगी। आयुष्मान कार्ड द्वारा उपचार पर हुए व्यय के भुगतान में देरी नहीं होगी। राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की जाएगी। इस अवसर पर दी जाने वाली आठ हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की जाएगी। परिवार के सदस्यों को उद्योग धंधे लगाने अथवा अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनके रोजगार की व्यवस्था की जाएगी।

# नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़े पर लगेगी लगाम, गठित होगा नियामक आयोग

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तैयार किया ड्राफ्ट, अंतिम मंजूरी बाकी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए शासन ने सख्त रुख अपनाया है। अब नियामक आयोग बनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि आईएनसी ने एक्ट तैयार कर लिया है। इसके अनुरूप में ही प्रदेश में नियामक आयोग का गठन किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ड्राफ्ट पर परीक्षण के बाद सामान्य प्रशासन विभाग और विधि विभाग राय दी जाएगी। जिसके इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि एक जुलाई से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र के दौरान ही इसे कैबिनेट में प्रस्तुत करने की तैयारी है। कैबिनेट से स्वीकृति के बाद केंद्र के इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) एक्ट के अनुरूप राज्य सरकार अपने नियम बनाएगी। इन्हीं नियमों के अनुरूप नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता जारी की जाएगी।

### यह होगा काम

आयोग का काम मुख्य रूप से निगरानी का रहेगा। कॉलेजों की मान्यता के पहले उनकी जांच करने वाले दलों का गठन कैसे हो, निरीक्षण किस अवधि में किया जाए। कॉलेज गड़बड़ी करते हैं तो उनके विरुद्ध क्या और किसे कार्रवाई का अधिकार होगा। इन सभी विषयों पर काम करेगा। परीक्षा कराने का काम नर्सिंग काउंसिल का रहेगा।

# नर्सिंग घोटालों को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि सरकार की सह पर शिक्षा माफियाओं द्वारा युवाओं के भविष्य के साथ किये जा रहे खिलवाड़ और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रहे घोटालों, प्रदेश में हुये नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटालों के विरोध में भाजपा सरकार को घेरने के लिए आगामी 1 जुलाई को प्रदेश भर में जिला/शहर कांग्रेस कमेटियों द्वारा जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा उक्त धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कर चिकित्सा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुये कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

### विस सत्र बैठकों का कार्यक्रम जारी

# सरकार का पहला बजट 3 को, इससे पहले आर्थिक सर्वे रिपोर्ट आएगी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र की मोहन यादव सरकार का पहला पूर्ण बजट तीन जुलाई बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत होगा। उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा इसे प्रस्तुत करेंगे। इसमें तीन लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय प्रावधान किया जा रहा है। जिसमें कृषि, महिला और बच्चों के लिए किए जा रहे प्रावधान अलग से उल्लेखित होंगे। इसके पहले 2 जुलाई को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत होगी। विधानसभा के मानसून सत्र में होने वाली 14 बैठकों का जो कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार, 3 जुलाई को वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा, साथ ही वर्ष राजकोषीय नीति का विवरण भी रखा जाएगा।4 और 5 जुलाई को बजट पर सामान्य और फिर 8 जुलाई से विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। 5, 12 और 19 जुलाई को अशासकीय संकल्प और विधेयकों पर चर्चा होगी। 19 जुलाई को बजट का पारित किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, कृषि, जेंडर और चाइल्ड बजट के प्रावधान अलग से बताए जाएंगे। सड़क, पुल-पुलिया के लोक निर्माण विभाग को करीब दस हजार करोड़ रुपये मिल सकते हैं। शहरी और ग्रामीण विकास के साथ सिंचाई परियोजना, लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, छात्रवृत्ति, सिंहस्थ, कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनरों की महंगाई राहत के लिए भी मांग के अनुरूप प्रावधान रखे गए हैं।

# पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र से होंगे शुरू

### उच्च शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम पूर्व जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में कौशल आधारित रोजगारोन्मुखी एवं नवीन पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रारंभ किए जायेंगे। इसके अनुसार समस्त प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से आधुनिकतम आई.टी. पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जायेंगे। समस्त प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों में बीएड पाठ्यक्रम संचालित होंगे। रोजगार आधारित डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों एवं सभी सामान्य (शास.) विश्वविद्यालयों में प्रारंभ होंगे। वर्तमान में उज्जैन, जबलपुर एवं भोपाल स्थित शासकीय विश्वविद्यालयों में बीएससी (एजी) पाठ्यक्रम संचालित हैं, ये पाठ्यक्रम प्रदेश के शेष सामान्य (शासकीय) महाविद्यालयों में और शासकीय स्वशासी महाविद्यालयों में भी प्रारंभ किया जाएगा। विमानन संबंधी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर त्वरित कार्रवाई किए जाने को कहा गया है, इससे ये पाठ्यक्रम अकादमिक सत्र 2024-25 से प्रारंभ होना संभव हो सके। प्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालयों के शुभारंभ कार्यक्रम 1 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे।

# मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की। राज्य मंत्री श्री पटेल ने ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अवैध रूप से विक्रय होने वाली ड्रग तथा मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध वृहद स्तर पर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। राज्य मंत्री ने कॉस्मेटिक सामग्रियों में होने वाली मिलावट और भ्रामक विज्ञापन करने वाली कंपनियों पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। उन्होंने खुले तेल एवं मसालों की गुणवत्ता की भी जांच करने के निर्देश दिये। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री मयंक अग्रवाल, संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




**मेट्रो एंकर** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में संस्थानिक नवाचार पर कार्यक्रम

# व्यक्ति गलतियों से सीखता है और आगे बढ़ता है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

व्यक्ति हमेशा अपनी गलतियों से सीखता है और आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि, भारत के लोगों ने हमेशा दुनिया को कुछ ना कुछ दिया है। आज भारत के योग को सारी दुनिया बिना पेटेंट के इस्तेमाल कर रही है। भारत सरकार ने 2016 में स्टार्टअप अभियान चालू किया था। आज भारत में एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप है। जो लगभग 12 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दे चुके हैं।

यह बात भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने कही। मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा नवाचार और स्टार्टअप को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरी कहानी-सफल इनोवेटर्स द्वारा प्रेरक सत्र विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए अलका शर्मा, संस्थापक, खद्योत नेचुरल तथा प्रदीप त्रिपाठी, महासचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति . संजय तिवारी द्वारा की गई त्रिपाठी ने कहा कि, भारत की महिलाएं पूरी दुनिया की सबसे कुशल गृहणियां है। वह जो भोजन पकाती हैं, वह भी हमारे लिए औषधि का काम करता है। हमारे देश में सब कुछ सामंजस्य में है। हमें अपनी जन्मभूमि देश और इतिहास के प्रति सकारात्मक सोच रखना होगा।




### शासन के सहयोग पर ज्यादा निर्भर न रहें

अलका शर्मा ने महिलाओं के उद्योगपति बनने के सफर में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए कहा कि, हमने जैविक खेती सीखने के लिए भारत के कई गांव का दौरा किया और इस के लिए हम अफ्रीका, अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया में जाकर वहां रह कर जैविक खेती सीखी। कंपनी की स्थापना में हमने 15 लाख रुपए का निवेश किया, जो आज वर्तमान में 100 करोड़ से ऊपर की कंपनी बन गई है। हमें शासन के सहयोग पर ज्यादा निर्भर न रहकर अपने खुद से उद्यम स्टार्ट करने चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमें अपने कौशल को ऐसे क्षेत्रों में निवेश करना चाहिए, जहां उसका प्रतिफल मिल सके।

### स्टार्टअप और नवाचार करें

कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि, नवाचार एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। नवाचार के क्षेत्र 2014-15 में भारत की दुनिया में 82 रैंकिंग थी। आज हम प्रगति करते हुए 40 वीं रैंक पर आ गए हैं। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा स्टार्टअप भारत के पास है। उन्होंने विद्यार्थियों का आवाहन करते हुए कहा कि, समाज की समस्याओं को हल करने के लिए स्टार्टअप और नवाचार करें। हमें अपनी सोच को बदलना होगा।

संपादकीय

# नई संसद में नया हो

भारी टकराव और शक्तिप्रदर्शन के आसार के बीच लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव ध्वनिमत से हो गया। अपना उम्मीदवार उतार चुके विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मतदान पर जोर नहीं दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए की तरफ से ओम बिरला के मुकाबले विपक्षी प्रत्याशी के तौर पर सीनियर सांसद के. सुरेश के सामने आ जाने के बाद यह लगभग तय हो चुका था कि आजाद भारत के संसदीय इतिहास में करीब पचास साल बाद फिर लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव होगा। हालांकि परंपरा के मुताबिक लोकसभा अध्यक्ष का चयन सर्वसम्मति से होता रहा है। सदन में एनडीए की सदस्य संख्या को देखते हुए ओम बिरला का स्पीकर बनना तय माना जा रहा था लेकिन नाजुक सदस्य संख्या पर टिकी सरकार और प्रभावी संख्या तक आ पहुंचे विपक्ष के बीच यह टकराव सियासी मायनों में काफी संकेत देने के लिये काफी था। विपक्ष भी जानता था कि संख्या बल से भाजपा एनडीए बिरला को जिता लेगी,लेकिन मतदान के जरिये विपक्ष अपनी ताकत व तेवर दोनों दिखाएगा। लेकिन विपक्ष ने मतदान नहीं मांगा तो काफी हद तक उसने सौजन्यता दिखाने की कोशिश कर दी। हालांकि यह टकराव फिलहाल ही टल गया लगता है,क्योंकि सत्तापक्ष हरसंभव विपक्ष पर दबाव बनाने की कोशिशें करेगा। जैसा कल भी सामने आया जब आपातकाल के मामले में सत्तापक्ष ने कडी टिप्पणी की तो खुद अध्यक्ष की टिप्पणियों पर बवाल हुआ। बहरहाल मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल में गृह, रक्षा, वित्त और विदेश जैसे सारे अहम मंत्रालयों में पुराने चेहरे बरकरार रखने के साथ ही निरंतरता के संदेश पर खासा जोर दे रही है। इसलिए इस लिहाज से लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है। जो बात थोड़ी हैरान करती है वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। जबकि वे पिछली बार निर्विरोध चुने गए थे। इस बार भी ऐसा हो सकता था। क्योंकि बिरला के नाम पर विपक्षी खेमे से आपत्ति नहीं थी, लेकिन उसका कहना था कि परंपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को मिले। सत्तापक्ष ने इस पर इंकार नहीं किया लेकिन हां या अंदरखाने आश्वासन की स्थिति भी नहीं बनी। यानि यह निराशाजनक ही कहा जा सकता है, क्योंकि परंपरा की बात हो तो दोनों तरफ से निभाना जरूरी हो जाता है। लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ती है। बावजूद चुनाव में विरोध का मतलब अनिवार्य तौर पर विश्वास की कमी नहीं होता। लेकिन अब यदि पिछले लोकसभा के अनुभव को सामने रखकर देखें तो इस नए दौर में बतौर स्पीकर ओम बिरला पर दूसरे कार्यकाल को और बेहतर बनाने की चुनौती है। उनका पहला कार्यकाल सांसदों के निलंबन का रेकॉर्ड बनाते हुए समाप्त हुआ था। हालांकि इसकी पूरी जिम्मेदारी किसी एक पक्ष पर नहीं डाली जा सकती। लेकिन इसकी चुभन विपक्ष को अब तक है, तभी कल अध्यक्ष के चुनाव के बाद संबोधन में विपक्षी नेताओं ने अपनी आवाज को नहीं दबाने की बात कही तो पिछली बार हुए सांसदों के निलंबन पर भी बात कहने या प्रकारांतर से अफसोस जताने से नहीं चूके। जाहिर है कि जनादेश के तकाजों को समझते हुए इस बार संसद को सजगता व परिपक्वता से दोनों पक्षों को चलाना होगा।

सफल जीवन के चार सूत्र मेहनत करे
तो धन बने सब्र करे तो काम
मीठा बोले तो पहचान बने
और इज्जत करे तो नाम

## आज का इतिहास

- 1978 अमेरिकी नौसेना वेधशाला में काम करते हुए, अमेरिकी खगोल विज्ञानी जेम्स डब्ल्यू। क्रिस्टी ने चारोन की खोज की, फिर उन्हें प्लूटो का एकमात्र चंद्रमा माना गया।
- 1984 लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से वर्जिन अटलांटिक एयरवेज ने पहली उड़ान भरी।
- 1986 अर्जेंटीना के फुटबॉलर डिएगो माराडोना ने मैक्सिको सिटी में फीफा विश्व कप के अंतिम-फाइनल मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ हैंडगॉग गोल और गोल ऑफ द सेंचुरी दोनों बनाए।
- 1990 फिलीपींस में माउंट डडिकास में ज्वालामुखी का विस्फोट हुआ।
- 1990 चेकपॉइंट चार्ली बर्लिन में ध्वस्त हो गया था। चेकपॉइंट चार्ली शीत युद्ध के दौरान पूर्वी बर्लिन और पश्चिम बर्लिन के बीच सबसे प्रसिद्ध बर्लिन वॉल क्रॉसिंग पॉइंट के लिए पश्चिमी सहयोगियों द्वारा दिया गया नाम था।
- 2002 उत्तरी-पश्चिमी ईरान में जबरदस्त भूकंप से 261 लोगों की मौत, बड़ी संख्या में लोग घायल हुए।
- 2002 6.5 मेगावॉट की तीव्रता वाले भूकंप से उत्तर-पश्चिमीइरियन का एक क्षेत्र दहल गया, जिसमें कम से कम 261 लोग मारे गए और 1,300 अन्य घायल हो गए, और धीरे-धीरे धीमी गति से होने वाले सरकारी हमले के कारण व्यापक रूप से जनता में गुस्सा पैदा हुआ।
- 2009 डिजिटलफोटोग्राफी के उद्भव के कारण घटती बिक्री का हवाला देते हुए, ईस्टमैन कोडक कंपनी ने घोषणा की कि वह कोडाक्रोम रिवर्सल फिल्म की बिक्री को रद्द कर देगी, जो फोटोग्राफी आइकन के रूप में अपने74 साल के रन का समापन है।
- 2009 वाशिंगटन, डीसी में दो मेट्रो ट्रेनें टकराईं, नौ लोगों की मौत हो गई और 80 अन्य घायल हो गए।

## निशाना

### छिछालेदर हो रही !



- कृष्णेन्द्र राय

गिरा इतना स्तर ।
क्या कुछ कहना बाकी ।।
टाय टाय फिस्स हुई ।
आपकी चालाकी ।।
कार्यशैली पल पल ।
देख रहा है देश ।।
स्वतः धीरे धीरे ।
पहुंच रहा संदेश ।।
थे बदलने आए ।
जो गड़बड़ था तंत्र ।।
उतरे बदसलूकी पर ।
कर विचरण स्वतंत्र ।।
रहा ना कुछ अब गुप्त ।
खुल गए सारे राज़ ।।
छीछालेदर हो रही ।
फिर भी पहने ताज ।।

# समावेशी हो कृत्रिम मेधा का नया रचनात्मक युग

■ सुरेश सेठ


युग बदल गया। इंटरनैट की शक्ति 5जी और 6जी तक उड़ान भरने लगी। रोबोट्स की दुनिया तीसरी दुनिया के देशों में भी प्रवेश कर गई। जहां आबादी कम है और श्रमबल की आवश्यकता अधिक है, वहां तो रोबोट्स की यह नई दुनिया बहुत उपयोगी है। लेकिन दुनिया में भारत जैसे अत्यधिक आबादी वाले देशों को तो रोबोट्स के इस्तेमाल के बारे में कुछ नये पैमाने अपनाने पड़ेंगे। रोबोट हो या कृत्रिम मेधा, इनके प्रतिमान भारत जैसे देशों में सहयोगी हो सकते हैं, मशाल लेकर आगे-आगे चलने वाले नहीं। इसके अतिरिक्त कृत्रिम मेधा की इस तेजी से विकसित होती दुनिया में हम व्यक्ति की अभिव्यक्ति का हूबहू प्रतिरूप तो पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अब अनुभव बता रहा है कि कृत्रिम मेधा की इस दुनिया में संवेदना, उत्साह, भावुकता और रिश्तों के पुलों का भी तो अपना एक महत्व है। निस्संदेह, पुतले तो राष्ट्रीयता की बात नहीं कर सकते। कृत्रिम मेधा के प्रतिरूप कलात्मक मौलिकता की उड़ानें नहीं भर सकते। इस बात को पूरी दुनिया ने ही नहीं, तीसरी दुनिया के अग्रणी भारत जैसे देशों ने भी बड़ी शिद्दत के साथ महसूस किया है।अगर भारत को 2047 के आजादी के शतकीय उत्सव में एक विकसित राष्ट्र बनना है तो यह विकास समावेशी विकास होना चाहिए। इसका अर्थ यह है कि समाज का कोई भी वर्ग अपने आप को पिछड़ता हुआ महसूस न करे और संतुलित प्रगति के पथ पर हर कदम साथ-साथ चले। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना पड़ेगा। पिछड़े और अगड़ों की यह भावना खत्म हो और सभी एक ही धरातल पर उद्यम करते हुए जिएं।

आज दुनिया में साम्राज्यवाद के खिलाफ अब तीसरी दुनिया और अफ्रीका के देश तेजी से आंखें खोल रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के शिखर सम्मेलनों में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाया गया। आज भारत अफ्रीका के सभी देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान दे रहा है। पिछले दशक में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में भारत की आवाज बुलंद हुई है। इसका कारण यही है कि चाहे यह रूस और यूक्रेन का अंतहीन लगता हुआ हिंसक युद्ध हो या हमास और इसराइल का भयावह हिंसक तांडव, भारत ने हमेशा शांति और संवाद की पैरवी की है। उसका कहना गलत साबित नहीं हुआ क्योंकि जिस प्रकार दुनिया का व्यापार अस्त-व्यस्त हुआ। आपूर्ति चैनल गड़बड़ा गए और मानवता की बेचारगी सबके सामने स्पष्ट हो गई, वह यही कह रही थी कि भारत की आवाज सही थी और युद्धोन्माद में हथियार संपन्न व्यवसायी देशों द्वारा हथियार बेचने की ललक गलत है।

जी-7 सम्मेलन से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नई आवाज उठाई है। उन्होंने यह कहा है कि हम समाज के हर वर्ग के विकास को मुख्यधारा से जोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कृत्रिम मेधा के महत्व को नकारा नहीं और कहा कि इतने बड़े देश के लोकतांत्रिक चुनावों में अगर हम कुछ घंटों में ही निष्पक्ष और तटस्थ चुनाव परिणाम दे पाए तो यह कृत्रिम मेधा की शक्ति का ही परिणाम है। लेकिन गड़बड़ वहां हो जाती है जहां समर्थ और संपन्न अपनी वैज्ञानिक और अन्वेषक शक्ति के कारण कृत्रिम मेधा से लेकर रोबोटिक युग तक अपना एकाधिकार जमा लें।जहां तक कृत्रिम मेधा का संबंध है, उसके साथ डीपफेक की जो शक्ति विकसित हो गई है, जिसमें आप किसी भी युग, किसी भी व्यक्ति को न केवल हूबहू साकार कर सकते हैं, बल्कि उसके मुंह में अपना बयान डाल सकते हैं। इसलिए जिंदगी में सही क्या है और गलत क्या है, इसकी पहचान करना और भी कठिन हो गया है। इसका उत्तर यही है कि अगर कृत्रिम मेधा की यह शक्ति रचनात्मकता और मौलिकता का दामन नहीं छोड़े, मानवीय संवेदनाओं को कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल से मौलिकता का एक नया रंग दे तो भारत में जय जवान, जय किसान और जय अनुसंधान का जो नारा आपने विकास के लिए दे रखा है, उसमें अनुसंधान को नई मंजिलें तय करते देर नहीं लगेगी। लेकिन याद रखा जाए कि ये मंजिलें निर्माणात्मक होनी चाहिए। मानवीय संवेदना और मानवीय आदर्शों का परिवर्धन करने वाली होनी चाहिए।

भारत ने घोषणा की है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है और भारत का नया नारा है 'एआई फॉर ऑल' अर्थात कृत्रिम मेधा सबके लिए। इस कृत्रिम मेधा को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बनाया जाए, इसके लिए सबको मिलजुल कर काम करना होगा। बेशक पर्यावरण प्रदूषण के क्षेत्र में 2070 तक भारत नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने का हरसंभव प्रयास करेगा और आने वाले समय को हरित युग बनाया जाएगा जहां एक समावेशी प्रयास में जुटे हुए सब देश होंगे और संपन्न देश भी अपनी स्वार्थपरता भूल कर तीसरी दुनिया के देशों के साथ हाथ से हाथ मिलाकर चलेंगे।

– साभार



**पिछले दशक में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में भारत की आवाज बुलंद हुई है। इसका कारण यही है कि चाहे यह रूस और यूक्रेन का अंतहीन लगता हुआ हिंसक युद्ध हो या हमास और इसराइल का भयावह हिंसक तांडव, भारत ने हमेशा शांति और संवाद की पैरवी की है।**

# पैसों को लेकर जोखिम लेना भी अच्छी समझदारी, कागजी लाभ-हानि वास्तविक नहीं

■ नारायण कृष्णमूर्ति




निवेश से पैसा बनता है, यह सच्चाई है। लेकिन, कइयों को लगता है कि निवेश जोखिम भरा है, क्योंकि इसमें पैसा डूबने की आशंका होती है। यह आम धारणा युवाओं, सेवानिवृत्त और उच्च शिक्षित लोगों में मौजूद होती है। मुझे चुपके-चुपके फिल्म से अमिताभ बच्चन का एक संवाद याद आता है। इसमें वह कहते हैं, जो है वो नहीं है...और जो नहीं है वो कैसे हो सकता है? अब यह कई लोगों के लिए भ्रामक हो सकता है, लेकिन इसका वित्तीय जोखिम से गहरा संबंध है। जोखिम का मतलब खतरे से है, जिसे वित्तीय दुनिया में पैसे डूब जाने से जोड़ा जा सकता है। पैसे खोने का पहला तरीका है कि इसे किसी को चुराने दें। हां, मैंने सही कहा। हम अक्सर लोगों को उधार देकर उसे वापस न पाने या कभी-कभी परिचितों और अजनबियों को बड़ी रकम देने के मामले में लापरवाह हो जाते हैं।एक और तरीका है...जिससे हम लोगों और उनसे जु? संगठनों को पैसे चुराने देते हैं। यह है शुल्क और फीस के रूप में। स्कूल में बच्चों के लिए भुगतान की जाने वाली फीस ही नहीं, बल्कि खरीदे गए वित्तीय उत्पादों (बीमा या बैंक में खोले गए एफडी) के लिए चुकाए?जाने वाले शुल्क को भी लेकर भ्रम न पालें। बीमा एजेंट पॉलिसी पर कमीशन कमाता है। बैंक एफडी, काउंटर के पीछे बैठे उस व्यक्ति के लिए प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है, जिसने आपका अकाउंट खोला है। ये उन उत्पादों के लिए भुगतान हैं, जो जरूरी नहीं कि आपके लिए हों। फिर भी आप उन्हें खरीद लेते हैं।यहीं पर हमारा व्यवहार काम आता है। कल्पना करें कि एक जनवरी, 2024 को सोने का भाव 64,090 रुपये प्रति 10 ग्राम था, लेकिन तब आपने नहीं खरीदा। जून में कीमत बढ़कर 73,580 रुपये पहुंच गई तो आपको लगता है कि 9,500 रुपये खो दिए। भले ही आपने सोना नहीं खरीदा, लेकिन आपको छह महीने की छोटी अवधि में कुछ पैसे कमाने के लिए उपलब्ध अवसर को खोने का दर्द महसूस होता है। यहीं पर चुपके-चुपके का डायलॉग काम आता है। जो है, वो नहीं है। अर्थात कागज पर दिखने वाला लाभ या हानि वास्तव में लाभ या हानि नहीं है, क्योंकि आप उस निवेश से बाहर नहीं निकले हैं। इससे भी महत्वपूर्ण दूसरा डायलॉग है और जो नहीं है वो, वो कैसे हो सकता है? यह उन लोगों के लिए है जो बाजार गिरने पर रोते हैं कि उन्हें नुकसान हुआ है। यह उदाहरण उन लोगों के लिए सही है जो कहते हैं कि उन्होंने शेयरों में एक लाख का निवेश किया। शेयर ने 7 साल में बोनस और लाभांश के रूप में 40,000 रुपये का भुगतान किया और 31 मार्च, 2024 को इसका मूल्य 1.40 लाख रुपये था।

**तब तक काल्पनिक है लाभ और घाटा** – अब, जून में इस निवेश का मूल्य 1.30 लाख रुपये है। इसलिए, यदि आप डिटेल में देखें तो एक निवेशक के रूप में आपने 7 साल पहले 40,000 रुपये का फायदा कमाया। अब निवेश मूल्य में हाल ही में आई गिरावट से आप कह सकते हैं कि आपने पैसा खो दिया है। ये सभी जोखिम के उदाहरण हैं, जो निवेश करते समय हो सकते हैं। जब बचत और निवेश की बात आती है, तो समझें कि आप किसी न किसी तरह का जोखिम उठाते हैं। जब आप बैंक में पैसा रखते हैं, तो आप इसके मूल्य को रिस्क में डालते हैं, क्योंकि ब्याज दर महंगाई या टैक्स से मेल नहीं खाती है। बिना वजह डरने के बजाय समझदारी से जोखिम का इस्तेमाल करना चाहिए।

**हर निवेश में अलग-अलग वृद्धि** – कहीं भी पैसे का निवेश होता है तो मूल्य में वृद्धि के तरीके अलग होते हैं। म्यूचुअल फंड और शेयर के मामले में यह ज्यादातर बाजार की बढ़त पर निर्भर होता है। अगर आपने एक लाख रुपये का निवेश किया है और कुछ वर्षों बाद यह 1.20 लाख हो जाता है। अब, 20,000 रुपये का यह लाभ तब तक लाभ नहीं है, जब तक आप निवेश को बेचकर बाहर नहीं निकल जाते। यही बात तब भी लागू होती है, जब बाजार में गिरावट से आपके निवेश का मूल्य कम हो जाता है।

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

## एलिफेंट रॉक: प्रकृति की दिलचस्प कारीगरी




आइसलैंड के वेस्टमैन द्वीप समूह का सबसे बड़ा और एकमात्र आबाद द्वीप है हेमाई जिसके पश्चिमी किनारे पर स्थित है यह एलिफेंट रॉक। यह रॉक माउंट डाल्फजाल से बाहर निकलती हुई एक प्राकृतिक चट्टान है और हेमाई के ही ज्वालामुखी शंकु एल्डफेल के विस्फोट में बेसाल्ट से बनी है। यह हू-ब-हू हाथी जैसे दिलचस्प आकार के लिए विश्वविख्यात है, जिसकी सूंड मानो पानी में डूबी हुई है।



# वन विभाग की टीम ने पकड़ा मुरम का अवैध उत्खनन करते हुए जेसीबी और डंपर



**सिवनी मालवा।** निर्मणा अधीन एनएच 49 नेशनल हाईवे बेतूल इंदौर फोरलेन मार्ग का कार्य चल रहा है जो सिवनी मालवा बन परिक्षेत्र से होते हुए गुजरता है। सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र की आमाकटारा के कक्ष क्रमांक 365 मैं रेंजर वंदना महतो,डिप्टी रेंजर बी,एल अहिरवार,श्यामू पहाड़े,धीरेंद्र ठाकुर प्रीतम, महेश ऊइके सहित वन विभाग का स्टाफ जब ग्रस्त कर रहा था इस दौरान आमा कटारा की बीट और गंजाल नदी के पास वनक्षेत्र से मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन किये जाने की आशंका पर एक डंपर और जेसीबी की जप्ती की कार्यवाही की गई। सूत्रों की माने तो डंपर को वन चौकी लोखर तलाई लाया गया वहीं जेसीबी को आम कटारा के अंतर्गत आने वाली कलमखेड़ा के वन सुरक्षा कैंप में खड़ा करवाया गया।

### कलेक्टर ने किया नगर के प्रमुख बाढ़ संभावित क्षेत्र का दौरा

# नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए: कलेक्टर

### कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार को कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा नगर एवं नगर के समीप बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा खोजनपुर में नर्मदा नदी के बैक वाटर के कारण शहर के अंदर जिन क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनती हैं वहां का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने ग्राम ग्वाडी घाट, बुधनी, सीहोर जिले में जाकर नर्मदा नदी के बैक वॉटर के कारण उत्पन्न होने वाली जल भराव की स्थिति को देखा एवं इस संबंध में ग्राम वासियों से चर्चा की।



कलेक्टर ने ईई जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि उक्त संबंध में एनवीडीए तथा शासन को उक्त समस्या के निराकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजे।

कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा नगर के भीलपुरा स्थित पंप हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ईई जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया है कि जल निकासी के लिए उपयोग किए जाने वाले पंप एवं मोटर सेट को रेडी टू ऑपरेट स्थिति में तैयार रखें। जिससे अधिक जलभराव के दौरान उक्त क्षेत्र से जल निकासी की जा सके। कलेक्टर ने निर्देशित किया की मोटर की एवं जनरेटर की नियमित टेस्टिंग की जाए। उन्होंने पंप ऑपरेट करने वाले ऑपरेटर, इंचार्ज आदि की ड्यूटी 24 घंटे शिफ्ट वाइज लगाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शासकीय होम साइंस कॉलेज के पीछे नर्मदा नदी के तट पर प्रगतिरत पिचिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया है की गुणवत्तापूर्ण रूप से कार्य पूर्ण करें।

कलेक्टर ने कहा है की जब तक संभव हो सके एवं भारी बारिश कार्य में बाधाएं उत्पन्न ना करे तब तक कार्य सुचारू रखें। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि शहर के मुख्य नालों पर अवैध रूप से किए गए निर्माण को प्रभावी कार्यवाही करते हुए हटवाया जाए एवं नालों की साफ सफाई भी नियमित रूप से करवाए।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट असवान राम चिरामन, एसडीओपी पराग सैनी, जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री वी के जैन आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने मंदिरों व चबूतरों की साफ-सफाई की

### 28 को वृक्षारोपण, 29 जून को निशुल्क चिकित्सा शिविर

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

विश्व हिंदू परिषद के यूवा आयाम बजरंग दल सेवा सप्ताह अंतर्गत आज नगर के मंदिरों ओर चबूतरों की बजरंगियों ने अभियान चलाकर की साफ सफाई की। समूचे देश भर में बजरंग दल 24 जून से 30 जून तक सेवा सप्ताह मनाकर सेवा कार्य किया जा रहा है इसी श्रृंखला में आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर के मार्गदर्शन एवं जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी जिला सह मंत्री सनुप सिंह यदुवंशी की उपस्थिति में कार्यकर्ताओ ने नगर के पुराने थाने के पिछे स्थित श्री हनुमान मंदिर. शक्ति धाम . चबूतरों गांधी चौक स्थित श्री जगदीश स्वामी मंदिर में झाड़ू लगाकर कचरा एकत्र कर पानी से धुलाई पुछाई एवं साफ सफाई कर नागरिकों को सेवा का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विभाग मंत्री शिव राठौर ने कहा की बजरंग दल हिंदू युवा तरुणाई में अनुशासन के सबल राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए खड़ा होना सिखाता वही समय समय सेवा कार्य चलाकर नर सेवा नारायण सेवा के भाव के साथ समाज की सेवा के लिए तत्पर खड़ा रहता है बजरंग दल 27 जून दोपहर 3 बजे से राठौर धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श और 29 जून को दोपहर 3 बजे से संत रविदास मंदिर मे होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर दवा वितरण कार्य किया जायेगा। 28 जून को दोपहर 2 बजे टैगोर पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में वृक्षा रोपण कार्यक्रम किया जाएगा। राठौर ने समाज से इन शिविरों में आकर लाभ लेने का आव्हान किया हे।

बजरंग दल सेवा सप्ताह मंदिरो की साफ सफाई अभियान में प्रमुख रूप से शिव राठौर प्रवीण अवस्थी सनूप सिंह यदुवंशी नगर



संयोजक भुरू बग्गन नगर समरसता प्रमुख रविन्द्र छिरेले नगर मंत्री हरीश दुबे नगर सह सेवा प्रमुख सुशील गोहर नगर मठ मंदिर प्रमुख कृष्णकांत तिवारी नगर उपाध्यक्ष सुशील शर्मा नरेंद्र योगी नगर बालोपासना प्रमुख करण सावनेर वीरू गन गोरे जितेंद्र बबलू राठौर राहुल वाल्मिक जानी नागले कमल लोवंशी ओमप्रकाश गब्बू कुशवाह कम्मू गोर तरूण सुनानिया निक्की राठौर प्रदीप तिवारी मनीष छिरेले भीम यादव देव बाथव मनीष बाथव धनराज बर्दे के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर निकाली रैली, जनसामान्य को दिया नशा मुक्ति का संदेश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में 15 जून से 30 जून तक नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन



सशक्तिकरण नर्मदापुरम डॉ. बबीता राठौर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर बुधवार 26 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन नेहरू पार्क के सामने किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों से जनसामान्य को अवगत कराया गया है। शासकीय कलापथक दल द्वारा गीत के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। इसके पश्चात नेहरू पार्क से नशा मुक्ति अभियान के परिप्रेक्ष्य में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नेहरू पार्क से सतरस्ता, इंदिरा चौक, गांधी चौक से होते हुए रैली का समापन नेहरू पार्क पर हुआ। रैली में आमजन सहित महिला एवं बाल विकास अधिकारी ललित डेहरिया, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ओमप्रकाश गौर, समाजसेवी डॉ. अतुल सेठा, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सदस्यगण सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

# प्राथमिक सहायक शिक्षकों का सेवा सत्यापन शिविर शुरू



**सिवनी मालवा।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देश अनुसार विकासखंड सिवनी मालवा में 377 प्राथमिक शिक्षक तथा 83 सहायक शिक्षकों का प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा सत्यापन किया जाना है। शिविर के प्रथम दिवस संकुल हिरण खेड़ा, खपरिया तथा चतर खेड़ा के शिक्षकों का सेवा सत्यापन किया गया।सेवा सत्यापन नोडल अधिकारी सुरेश कुमार धनवारे तथा सत्यापनकर्ता अधिकारी एस0के0 पाटिल ने बताया कि शिविर में प्राथमिक शिक्षक एवं सहायक शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के अनुसार प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही सूक्ष्मता से जांच करके फीडिंग का कार्य किया जा रहा है। सत्यापन कार्य में कमलेश यादव प्राचार्य कन्या हाई स्कूल बानापुरा, अनिल रघुवंशी प्राचार्य हाई स्कूल गोलगांव के0पी0 लोवंशी तथा विमल दीप कटारे को रखा गया है।

### भेदभावपूर्ण कर्मचारी विरोधी नीति का आरोप

# 'कर्मचारियों को कार्य आदेश वाट्सएप पर देना बंद करे नपा'

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नपा कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि कार्यालय नगरपालिका के आदेश जो अवकाश को लेकर जारी किया गया है सबसे पहले स्थापना शाखा से इस आदेश का क्रियान्वयन होना चाहिए क्योंकि शनिवार रविवार कार्यालीन अवकाश रहते हैं शुक्रवार को अवकाश लेकर तीन दिन अवकाश के मजे लिए जाते हैं स्थापना शाखा से ही सब कंट्रोल होता है इसलिए अपने हिसाब से सब हैंडल कर लिया जाता है इस आरोप कि जांच होना चाहिए हैं.

किसी भी प्रकार कि मौखिक सूचना, वाट्स अप मैसेज के माध्यम से अवकाश स्वीकृत नहीं किये जायेंगे ऐसा आदेश में स्पष्ट किया गया है इस आदेश का मजदूर संघ स्वागत के साथ अपेक्षा करता है कि नगरपालिका के द्वारा भी कर्मचारियों को कार्य से संबंधित आदेश वाट्स अप जारी नहीं किए जायेगें क्योंकि नियम तो नियम है जब आप वाट्स अप पर अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे तो इतनी मानवता आपके अंदर भी होना चाहिये कि कार्य से संबंधित आदेश वाट्स अप पर शेयर नहीं किए जायेंगे. संबंधित आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि उक्त अवकाश से संबंधित आदेश कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी, फील्ड वर्क में पदस्थ कर्मचारियों में आउट सोर्स, दैनिक वेतनभोगी, विनियमित, नियमित सभी पर लागू रहेगा या नहीं जिस तरह अवकाश को लेकर आदेश जारी किये गये है कार्य कि गणना, जो कर्मचारी स्ट्रीट लाइट बंद चालू के साथ दो से तीन पंप चला रहे हैं या जिनको दिनांक - 15/01/2015 से साप्ताहिक अवकाश नहीं दिये जा रहें है जबकि मासिक वेतन पत्रक में विभागीय अधिकारी व स्थापना शाखा के द्वारा साप्ताहिक अवकाश दर्शाये जा रहे हैं इस होने वाले अन्याय को लेकर मजदूर संघ पत्र के माध्यम से मुलाकात में चर्चा कर संपूर्ण स्थिति से अवगत करा चुका है उसके बाद भी लगातार अनदेखा किया जा रहा है कुछ चापलूसो के कारण कर्मचारियों के मासिक वेतन भुगतान को रोकना, अनुपस्थिति दर्ज करने जैसे कृत्य किये जा रहे हैं इस पर न्यायसंगत कार्यवाही नहीं की जा रही है क्योंकि ऐसे कर्मचारी जिन्होंने आज तक रसीद गड्डी नहीं पकड़ी उनके बराबर मासिक वेतनों का भुगतान किया जा रहा है। नगरपालिका में भेदभाव पूर्ण कर्मचारी विरोधी नीति अपनाई जा रही है इससे सभी कर्मचारी शोषित पीड़ित है इससे उनमें गहन आक्रोश व्याप्त है।

**मेट्रो एंकर**

### जिपं सीईओ ने नर्मदा पथ की पंचायतों का किया निरीक्षण

# परिक्रमा पथ के किनारे वृक्षारोपण कार्य, बाढ़ राहत केन्द्रों एवं गौशालाओं पर का सख्त आदेश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा 26 जून 2024 को जिले की जनपद पंचायत बनखेडी, पिपरिया एवं सोहागपुर की नर्मदा किनारे वाली ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ के किनारे होने वाले पौधारोपण के लिए चयनित स्थलों का निरीक्षण किया गया। बाढ की स्थिति में ग्रामीणों हेतु बनाये गये बाढ केन्द्रों एवं मनरेगा अंतर्गत बनाई गई गौशालाओं का निरीक्षण भी किया गया।



सीईओ जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री रावत द्वारा जनपद पंचायत बनखेडी की ग्राम पंचायत उमरधा, जनपद पंचायत पिपरिया की ग्राम पंचायत खैरा, सांडिया, सहलवाडा, सिवनी एवं जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत माछा, अजेरा, शोभापुर, अकोला का भ्रमण किया गया। सीईओ श्री रावत द्वारा बताया गया कि जिले में जनपद पंचायत बनखेडी की ग्राम पंचायत उमरधा से जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत उमरिया तक नर्मदा नदी का प्रवाह है। नर्मदा नदी परिक्रमा पथ धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक महत्व के स्थल भी हैं। अतः परिक्रमा पथ के दोनों ओर पौधारोपण होगा तो परिक्रमा वासियों को को पर्याप्त छाया एवं फल उपलब्ध हो सकेंगे। इस हेतु जिले में मनरेगा योजना से परिक्रमा पथ के दोनों ओर सडक किनारे पौधारोपण एवं पथ के समीपस्थ लगे कृषकों के खेतों पर फलोदयान विकसित किये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही धार्मिक महत्व के स्थलों पर नक्षत्र वाटिका एवं मियावाकी पध्दति से सघन वृक्षारोपण भी करवाया जायेगा। इस अभियान हेतु जिले में तकनीकी दल भी बनाया गया है जिसके द्वारा सतत भ्रमण कर पूरे परिक्रमा पथ की जीआईएस मैपिंग की जा रही है एवं कार्यों का चिन्हांकन किया जा रहा है।

भ्रमण के दौरान सीईओ श्री रावत द्वारा नर्मदा किनारे की पंचायतों में बाढ की स्थिति में ग्रामीण हेतु बनाये गये राहत केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया एवं ग्राम पंचायतों के उचित व्यवस्था हेतु निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत उमरधा, शोभापुर, अकोला में मनरेगा अंतर्गत निर्मित गौशालाओं का निर्माण किया गया ओर बताया गया कि गौशालाओं में क्षमता अनुसार गौवंश रखा जाए जहां 100 से कम गौवंश पाये गए वहां पर तत्काल मुख्य मार्गों से निराश्रित गौवंश को परिवहन कर गौशालाओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।



# तेज हवा के साथ हुई बारिश, मेन लाइन पर गिरा पेड़ सप्लाई बंद



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को सुबह से उमस के कारण लोगों की हालत खराब हो रही थी शाम को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई आंधी चलने से बासौदा रोड पर स्थित में सब स्टेशन की लाइन पर पेड़ गिरने से नगर की सप्लाई भी पूरी तरह से बंद हो गई। पेड़ गिरने की सूचना मिलने पर बिजली वितरण कंपनी एई सुशील समेले अमले के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल पेड़ को काटने का काम प्रारंभ किया गया। वहीं 2 घंटे के बाद ही शहर की बिजली सप्लाई प्रारंभ हो पाई सप्लाई बंद होने से शहर में अंधेरा छाया रहा पानी को लेकर भी लोगों को परेशानी हुई झमाझम बारिश होने से गर्मी से भी राहत मिल गई तापमान में भी गिरावट आई और मौसम में ठंडा होने से लोगों ने सुहाने मौसम का आनंद भी लिया।

### एसडीएम ने फ्रूटी पिलाकर खत्म कराई हड़ताल

# आउटसोर्स कर्मचारियों की छह दिनों से चली आ रही हड़ताल समाप्त

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय के बाहर पिछले 5-6 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारियों ने विगत एक दिन पूर्व जिला मुख्यालय पहुचकर रैली निकालकर अपनी मांगो को लेकर कलेक्टर व श्रम पदाधिकारी को ज्ञापन सौपा था। तो वही पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत ने बुधवार को सिरोंज पहुचकर आउटसोर्स कर्मचारियो को अपना समर्थन दिया। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियो के साथ रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौपा और हड़ताल पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारी, माताओं, बहनो की समस्या का समाधान करवाकर धरना प्रदर्शन समाप्त की बात कही। जिस पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि कर्मचारियो को समय पर वेतन मिले इसके लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे इसके अलावा कर्मचारियों को अपमानित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। जो सफाई कर्मचारी आउटसोर्स कर्मचारियो का समर्थन कर रहा था उक्त कर्मचारी को हटाया गया था। उसको पुनः बहाली की बात भी कही। वही उन्होने कहा कि अंशनरत कर्मचारियों के पात्रता अनुसार राशन कार्ड बनाए जाने एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने का भी आश्वासन दिया।

### 5 दिन बाद फ्रूटी के साथ हड़ताल समाप्त

वेतन बढाने व समय पर वेतन न मिलने की मांग को लेकर पिछले 5-6 दिनों से सिविल अस्पताल के बाहर हड़ताल पर बैठे आउटसोर्स कर्मचारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ, मल्टी टास्किंग वर्कर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई के पास बुधवार को एसडीएम हर्षल चौधरी पहुचें। एसडीएम ने कर्मचारियो की मांगो का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। साथ ही सभी कर्मचारियो को स्वंय फरूटी पिलाकर 6 दिन से चल रही हड़ताल को समाप्त कराया।

### बोहत ने एसडीएम का किया आभार व्यक्त

इस अवसर पर कांग्रेस नेता एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी को वेतन दिए जाने की जिम्मेदारी कंपनी की है न कि शासन प्रशासन तो मध्यस्थता करके कर्मचारियों को वेतन दिलाने का काम कर सकते हैं। उन्होने कहा कि वह जिले भर के मजदूर, किसान, व्यापारी, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के हर व्यक्ति के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। हम एसडीएम हर्षल चौधरी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारी मांगों का निराकरण कराया। साथ ही जिला मुख्यालय पर रैली धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद कर्मचारियों को दो माह का वेतन उनके अकाउंट में डाला गया है। बोहत ने कहा कि कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश नहीं मिला है जबकि पूर्व की कंपनियों ने कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश दिया था। जितना वेतन जिस कार्य के लिए निर्धारित किया गया है वह नहीं दिया जा रहा है बल्कि उससे काफी कम वेतन दिया जा रहा है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महामंत्री हाजी नदीम जावेद खान, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरूण अवस्थी, जिला कांग्रेस महामंत्री बंटी सक्सेना, राकेश अहिरवार, करतार सिंह दिवाकर सहित बडी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

राजस्व एवं खनिज विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव द्वारा प्रदेश के जिलों में राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा व्हीसी के माध्यम से की गई। विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, मोहिनी शर्मा और निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राजस्व एवं खनिज विभाग के प्रमुख सचिव श्रीवास्तव ने एजेंडा बिंदु राजस्व वसूली की प्रगति। आरसीएमएस पोर्टल में नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा। साइबर तहसील पेंडेंसी। डीडब्ल्यूआरएस, डिजिटल क्रॉप सर्वे। स्वामित्व योजना। पी.एम.किसान ई-केवायसी। पी.एम. किसान आधार पर बैंक खाता लिकिंग। सी.एम.हेल्पलाईन। न्यायालीन प्रकरणों की समीक्षा- अवमानना , लम्बित अपील मामले, महत्वपूर्ण भूमि मामले, समय से जवाब प्रस्तुत करना। समग्र का आधार से ई-केवायसी। लंबित ऑडिट कण्डिकाएं। लंबित विधानसभा आश्वासन। विभागीय परिसंपत्तियों के अनुरक्षण कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति। लंबित सी.एस.मॉनिट प्रकरण की स्थिति के साथ-साथ खनिज विभाग से संबंधित जिन बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए हैं उनमें नवीन रेत खदानों को घोषित करना। खदानों की जियो रेफ्रेंसिंग करके अपलोड करना। अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही। उत्खनन-पट्टे के आवेदनों का समय से निराकरण। बंद खदानों को व्यपगत करना। कम्पेन्सकरी एफोरेस्टेशन हेतु भूमि प्रदाय करना शामिल हैं। सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण मामलो में विदिशा जिला ए ग्रेड सूची में शामिल होने पर प्रमुख सचिव श्री श्रीवास्तव के द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने अन्य जिलो के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व विभाग सीएम हेल्पलाइन के निराकरण मामलो में सदैव ए ग्रेड सूची में शामिल हो ऐसी कार्यप्रणाली सभी जिलो के कलेक्टर

# डीएलसीसी की बैठक कल योजनाओं की होगी समीक्षा

**सिरोंज।** कलेक्टर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम तिमाही मार्च 2024 की जिला सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक का आयोजन शुक्रवार 28 जून को किया गया है यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी। बैठक में जिन बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी उनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 की मार्च 2024 तिमाही में जिले में बैंकिंग विकास की समीक्षा (सी.डी. रेशों एवं अन्य) एल.डी.ओ भारतीय रिसर्ब बैंक द्वारा समीक्षा। पी.एल.पी. 2025-26 के (प्री-पी.एल.पी) की कार्ययोजना पर चर्चा (नावा)। स्वयं सहायता समूहों को दिये जाने वाले क्रेडिट लिंकेज (सी.सी.एल) की प्रगति की समीक्षा पी. एम. स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रगति की समीक्षा जिला शहरी विकास अभिकरण।

# जन्म मृत्यु पंजीयन संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा आज जन्म मृत्यु पंजीयन के संबंध में जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं ब्त् त्मअंउच च्वतजंस - कब CRS Revamp Portal & dc-crsorgi-gov-in पद विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टेउट के बेतवा सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी श्री सेवाराम रैकवार एवं जन्म मृत्यु पंजीयन कार्य करने वाली इकाइयों के रजिस्ट्रार उपस्थित रहे।

### अब आम नागरिक मोबाइल पर जन्म मृत्यु प्रमाण डाउनलोड कर सकेगा

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश, भोपाल से संयुक्त निदेशक श्री रतनलाल जैन एवं उनकी सहयोगी सुश्री मोना चौहान, सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड-2 के द्वारा जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों के रजिस्ट्रार उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, जनपद पंचायत सीईओ एवं प्रायवेट चिकित्सालयों के सूचनादाता मौजूद रहे। इनके साथ संशोधित अधिनियम 2023 एवं त्मअंउच च्वतजंस पर विस्तृत चर्चा की गई।

**प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु** - अधिनियम लागू होने वाली दिनांक - 11.08.2023 के बाद जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है, जो बच्चे से संबंधित बनाए जाने वाले अन्य दस्तावेजों जैसें आधार, पैन, स्कूल में प्रवेश, मतदाता सूची का अद्यतन ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी नौकरियों में ज्वाइनिंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एकमात्र प्रमाण पत्र होगा। चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निशुल्क दिया जाएगा। पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल ओटीपी के माध्यम से जन्म मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाइन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा, जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ईमेल आईडी पर प्राप्त हो जायेगा एवं कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

# जल गंगा अभियान: हीरा बेन उधान में किया पौधरोपण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

जल गंगा अभियान के अंतर्गत लटेरी रोड स्थित स्व. हीरा बेन स्मृति मानस उद्यान में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में दिनेश चंद्र गर्ग, मीसण मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल, एसडीएम हर्षल चौधरी में पर्यावरण के प्रति नागरिकों को सचेत करते हुए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी के निर्वाहन करने की बात कही । इसके साथ ही इन उद्यान में अपने परिजनों की स्मृतिएवं वर्षगाँठ के अवसर पर भी वृक्षारोपण करने की अपील नगरवासियों से की गई। नागरिको द्वारा लगाए गए पौधों का संरक्षक नगरपालिका करेगी। इस मौके पर इस महती अभियान में शामिल होने पहुँचे सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने सभी से एक एक वृक्ष लगाने की अपील करते हुए समय समय पर नपा के द्वारा जनहित के आयोजन में सहभागिता करने के लिए आभार व्यक्त किया। संचालन पार्षद सचिन शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश यादव, चितावर एवं देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह





दाँगी, चरण सिंह राजपूत, जनपद में विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव ,हरिबाबू भार्गव एसडीओपी उमेश तिवारी, तहसीलदार संजय चौरसिया,सहित नपा के पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, नपा सीएमओ पवन शर्मा, बालमुकुंद कुशवाह आदि के साथ नपा कर्मचारी उपस्थित रहे। वृक्षरोपण के इस अभियान में ढेर सारी सँख्या में महिलाएं भी पहुँची, जिन्होंने उत्साह के साथ वृक्षों का रोपण किया।

जिला मुख्यालय पर बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित उपरोक्त पौधरोपण कार्यक्रम में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह, उप वन मण्डलाधिकारी विजय मौर्य समेत अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारियों तथा तहसील व एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों ने पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता निभाई है। कलेक्टर के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में आयोजित किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम के संबंध में एसडीएम श्री शर्मा ने बताया कि कार्यालय परिसर हरा-भरा रहे, पर्यावरण के क्षेत्र में हम सबकी सहभागिता हो साथ ही सुन्दर वातावरण, मनोहारी दृश्य परलिक्षित हो इसके लिए विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए जा रहे है वहीं गार्डन परिसर में विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए है ताकि तहसील व एसडीएम कार्यालय में आने वाले आवेदको को कार्यालय परिसर में बेहतर सम्पूर्ण वातावरण की अनुभूति हो।

**मेट्रो एंकर**

### कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में बाढ़ से बचाव के लिए प्रदर्शन

# एसडीआरएफ: बाढ़ से बचाव की फुल ड्रेस रिहर्सल



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने आज संयुक्त रूप से होमगार्ड विभाग के माध्यम से बाढ के दौरान बचाव के किए जाने वाले उपायो और उपयोग में लाए जाने वाले संसाधनो का प्रयोगिक प्रदर्शन का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री वैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला के अलावा अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा भी मोटर वोट में बैठकर जारी प्रयोगिक प्रदर्शन का अवलोकन किया है।

एसडीआरएफ की टीम ने बेतवा नदी के बंगला घाट पर आयोजित संयुक्त प्रायोगिक प्रदर्शन में होमगार्ड विभाग को प्राप्त हुए बाढ बचाव संसाधनो का प्रदर्शन किया गया जिसमें गोताखोरो के द्वारा डूबने वालो का तत्काल बचाव तथा डूबे व्यक्तियों को खोजने सहित अन्य प्रक्रियाओं को प्रेक्टिकल के रूप में क्रियान्वित किया गया है।

कलेक्टर नेबतलाया कि जिले के 40-50 गांव व करीब 20 वार्ड बाढ से प्रभावित होते है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ के समय की आपदा के दौरान किए जाने वाले प्रबंधो का पूर्व रिहर्सल किया गया है। कंट्रोल रूम स्थापित हुए है। बाढ बचाव संबंधी सभी तैयारियां की जा चुकी है आज बंगला घाट पर एसडीआरएफ की टीम के द्वारा व बचाव उपकरणो का प्रयोगिक उपयोग किया गया है ताकि बाढ आपदा के दौरान उस समय किसी भी प्रकार की चूक ना हो पाए का हम सबका यही प्रयास होगा ताकि आपदा के दौरान किसी भी प्रकार की हानि ना होने पाए। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि सुरक्षा को ध्यानगत रखते हुए बरती जाने वाली सावधानियां खासकर बाढ आपदा के दौरान बचाव दलो के द्वारा उपयोग किए जाने वाले संसाधनो का रिहर्सल किया गया है ।

### उपकरणों का निरीक्षण

बंगला घाट पर एसडीआरएफ होमगार्ड के के द्वारा बाढ से बचाव के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले संसाधन सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया था जिसें कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित अन्य के द्वारा भ्रमण कर जायजा लिया गया वहीं उपकरणो की कार्यप्रणाली के संबंध में संवाद कर जाना है। होमगार्ड की पीसी रशिम दुबे ने प्रदर्शित उपकरणों, गोताखोरो, उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री तथा बचाव रक्षा दल के द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यो के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी।

### मोटर वोट में बैठकर जायजा

कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, एसडीएम ने एक ही मोटर वोट में बैठकर एसडीआरएफ के द्वारा बाढ से बचाव के संबंध में, डूबते व्यक्ति को सुरक्षित निकालने सहित अन्य विधाओं का प्रयोग किया जिसे पूर्व उल्लेखितो के द्वारा मोटर वोट में बैठकर जायजा लिया गया वहीं गोताखोर के द्वारा स्करूपडाई कर प्रदर्शन किया गया है। होमगार्ड की पीसी रशिम दुबे ने इस दौरान मोटर वोट के माध्यम से बचाव दल के सदस्यों द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यो से अवगत कराया है। वहीं जनहानि से बचाव के लिए त्वरित संपादित किए जाने वाले कार्यो, आमजनो को जागरूक करने के लिए प्रदर्शन इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी से अवगत कराया है।



## टी-20 में अफगानिस्तान को हराया; चोकर्स का दाग मिटाया

# साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंची

**नईदिल्ली, एजेंसी**



साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के में पहुंचने वाली टीम पहली टीम बन गई है। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने पहली बार किसी वर्ल्ड कप फाइनल में एंट्री की और टीम पर लगा चोकर्स का दाग मिटा दिया। साउथ अफ्रीका की टीम 5 बार वनडे और 2 बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है। अब फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला रात 8 बजे होगा। जब गयाना के प्रॉविडेंस स्टेडियम में इंडिया और इंग्लैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। मैच होने की संभावना भी बढ़ गई है, क्योंकि बारिश के चांस घटकर 40 फीसदी हो गए हैं। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग की और 56 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 1 विकेट खोकर ये टारगेट हासिल कर लिया। रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच बने 3 ओवर में 3 विकेट लेने वाले मार्को यानसन।

अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप सेमीफाइनल का सबसे छोटा स्कोर बनाया, सिर्फ 56 रन। 20 ओवर में सिर्फ 11.5 ओवर खेली। साउथ अफ्रीका ने 1992 से वर्ल्ड कप खेलना शुरू किया, 32 साल बाद फाइनल में पहुंची। पहले ही वर्ल्ड कप यानी 1992 में भी सेमीफाइनल पहुंची थी। 1999 में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेमीफाइनल ड्रॉ हो गया था। ऑस्ट्रेलिया फाइनल पहुंची, क्योंकि सुपर-6 के मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया टेबल में साउथ अफ्रीका से ऊपर था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने मैच से पहले कहा कि हम काफी एक्साइटेड हैं। किसी ने ज्यादा नींद नहीं ली है, लेकिन हम जीत के लिए खेलेंगे।

**विनर ऑफ द मैच-** मार्को यानसन

एडेन मार्करम ने पहला ओवर मार्को यानसन को दिया। 5 गेंदों में यानसन 4 रन दे चुके थे। छठवीं गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज स्ट्राइक पर थे। यानसन ने ऑफ स्टंप्स को छोड़ी हुई फेंकी। ये फुलर गेंद थी, जो बल्ले का किनारा लेकर रीजा हेंड्रिक्स के हाथों में चली गई। अफगानिस्तान ने पहले ही ओवर में अपने सबसे बड़े बल्लेबाज का विकेट खो दिया। रहमानुल्लाह ने अफगानिस्तान के लिए इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 281 रन बनाए हैं। यानसन ने दूसरे ओवर में गुलबदीन नईब को बोल्ड किया। गेंद हल्की सी अंदर की ओर आई थी और बल्ले से टकराकर स्टंप्स में जा लगी। 5वें ओवर में यानसन ने नांग्याल खरोती को पवेलियन भेजा। गेंद शॉर्ट थी और लेग स्टंप्स के बाहर। खरोती ने शॉट् खेला और गेंद ग्लव्स से टकराकर डी कॉक के हाथों से टकरा गई।

# वर्ल्ड कप का सेमी-डे



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

2024 टी 20 वर्ल्ड कप का आज सेमी-डे है।दरअसल वेस्टइंडीज के अलग अलग मैदानों पर होने वाले इन मुकाबलों के जरिये ही किन्हीं दो टीमों को वर्ल्ड कप फाइनल का टिकिट मिलने वाला है। अगर हम मौजूदा वर्ल्ड कप पर नजर डालें तो फिर 20 टीमों के बीच हुए पहले लीग चरण में अमेरिका,बांग्लादेश और अफगानिस्तान के धमाकेदार उठा पटक वाले प्रदर्शन की वजह से न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, और श्रीलंका जैसी दिग्गज टीमों का सफर सुपर 8 के पहले ही खत्म हो गया।इसके बाद हुए सुपर 8 में पहुंची इन टीमों में से अमेरिका व बांग्लादेश की टीम भले ही इस राउंड में कोई करिश्मा नहीं कर सकी, लेकिन अफगानिस्तान टीम ने अपना जादुई अभियान जारी रखते हुए सेमीफायनल में जगह हासिल की।यह बात अलग है कि आज खेले जा रहे पहले सेमीफाइनल में अफ्रीका के सामने वह ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गयी।इस एकतरफा जीत के साथ ही वर्ल्ड की सबसे बड़ी चोकर्स कही जाने वाली टीम ने फायनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।भले ही मौजूदा वर्ल्ड कप की दो अपराजित टीमें अफ्रीका और भारत सेमीफाइनल खेल रही हैं लेकिन सही मायने में अफ्रीकी टीम के सभी मुकाबले रोहित सेना के जीत के अंदाज से बेहद अलग रहे हैं।टीम इंडिया ने जहां अपने सभी मुकाबले धमाकेदार तरीके से जीते हैं, वहीं अफ्रीकी टीम की सभी जीतें बेहद नजदीकी रही हैं। यहाँ तक कीनेपाल जैसी टीम ने भी साउथ अफ्रीका को जीत के लिए दांतो तले चने चबवा दिए थे।खैर सभी मुकाबलों में अपनी जीत दर्ज कर इस टीम ने इस वर्ल्ड कप के सबसे बड़े मुकाबले की पहली सीट पक्की कर ली है।जहां उसका मुकाबला आज ही के दिन गुयाना में होने वाले इस वर्ल्ड कप के सबसे रोमांचक मुकाबले यानी भारत-इंग्लैंड भिड़ंत की विजेता टीम से होगा।दरअसल एकतरफा हुए पहलें सेमीफाइनल के बाद क्रिकेट के चाहने वालों को दूसरी सेमीफाइनल भिड़ंत के रोमांचक होने की आस है।अगर हम दोनों टीमों के सेमीफाइनल तक के सफर पर गौर करें तो फिर एक ओर जहां टीम इंडिया सभी मुकाबलों में जीत हासिल करके पहुंची है,जबकि इंग्लैंड टीम को इस सफर के 2 मुकाबलों में शिकस्त मिली है। इन दोनों ही मुकाबलों में (ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के खिलाफ) इंग्लैंड के नाकामी की वजह उसका असफल चेस रहा है। वहीं टीम इंडिया ने अपने ज्यादातर मुकाबले पहले बल्लेबाजी करके जीते हैं। मतलब साफ है आज के दूसरे सेमीफाइनल में टॉस का किरदार अहम हो सकता है।इसकी सबसे बड़ी वजह यह भी है कि किसी भी बड़े मुकाबले में अच्छे स्कोर के अतिरिक्तदवाब का फायदा स्कोर डिफेंड करने वाली टीम को कुछ हद तक तो मिलता ही है। पहले सेमीफाइनल में भी अफगानिस्तान के कप्तान रशीद खान की सोच यही रही होगी,लेकिन उसके बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के लिए कोई कसर ही नहीं छोड़ी जिस वजह से इस टीम के सपने चकनाचूर हो गये।एकतरफा पहले सेमीफाइनल के बाद ऐसी आस है कि आज के दूसरे सेमीफाइनल में दर्शकों को पैसा वसूल मैच देखने को मिलेगा,हालाकि दोनों टीमों के अलावा बारिश की भूमिका का साया भी इस मैच पर मंडरा रहा है।भारतीय टीम के चाहने वालों के लिहाज से भले ही बारिश नुकसानदायक नहीं है,क्योंकि मैच रद्द होने का फायदा रोहित ब्रिगेड को मिलना है।अब अगर मौसम ने साथ दिया तो फिर दूसरे सेमीफाइनल में जब दो बार की चैंपियन इंग्लैंड टीम इस फॉरमेट की पहली विजेता टीम इंडिया के सामने होगी तो फिर 40 ओवर की यह जंग किसी फायनल से कम नहीं होगी। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि सेमी डे यानी दोनों सेमीफाइनल वाले दिन में पहले मैच के निराशाजनक खेल के बाद दो दिग्गज टीमों के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में कितना रोमांच देखने को मिलता है।वैसे क्रिकेट के इस फॉर्मेट में अब कोई गणित या अनुमान जाहिर करना बेहद मुश्किल हो गया है।बस अब उम्मीद यही कर सकते हैं कि पहले मुकाबले के बाद होने वाले दूसरे अहम मुकाबले के रोमांचक होने से आज का दिन क्रिकेट के नजरिये से असल सेमी डे( मिलाजुला दिन ) साबित होगा।



## मेट्रो बाजार

# केंद्र सरकार ने कीमत काबू में रखने के लिए गेंहू पर लगाई स्टॉक लिमिट

**मुंबई, एजेंसी**

जमाखोरी रोकने और प्राइस को स्टेबल रखने के लिए के लिए केंद्र सरकार ने गेहूं पर स्टॉक होल्डिंग लिमिट लगा दी है। ये लिमिट सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ट्रेडर्स होलसेलर, रिटेलर्स, बिग चेन रिटेलर्स और प्रोसेसर्स पर लागू होगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यह आदेश 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। केंद्रीय फूड सेक्रेटरी संजीव चोपड़ा ने कहा कि सिंगल रिटेलर्स, बिग-चेन रिटेलर्स, प्रोसेसर और होलसेलर हर शुक्रवार को गेहूं के स्टॉक की जानकारी देंगे। चोपड़ा ने कहा, मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल गेहूं के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं है और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध की समीक्षा का भी कोई प्रस्ताव नहीं है। आटे की कीमत 34.29 रुपए से बढ़कर 36.13 रुपए हुई



आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में गेहूं और आटे की कीमतें 2 रुपए प्रति किलोग्राम तक बढ़ गई हैं। 20 जून तक गेहूं की औसत खुदरा कीमत 30.99 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले 28.95 रुपए थी। गेहूं के आटे की कीमतें भी पिछले साल के 34.29 रुपए प्रति किलोग्राम के मुकाबले बढ़कर 36.13 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं। होलसेलर्स के लिए स्टॉक सीमा 3,000 टन मीडिया रिपोर्टों के मद्देनजर लगाई गई स्टॉक सीमा चोपड़ा ने बताया कि स्टॉक सीमा हाल की मीडिया रिपोर्टों के मद्देनजर लगाई गई है। इसमें कहा गया था कि गेहूं सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि स्टॉक लिमिट जमाखोरी को कम करने के लिए लगाई गई है।

## एक साल में खाद्य पदार्थों में 65 फीसदी तक इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मंहगाई का असर अब लोगों की रसोई में दिखाई देने लगा है। यहां रसोई घरों से सब्जियां गायब होने लगी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साल में प्याज और आलू सहित खाद्य वस्तुओं में 65 फीसदी तक कीमतें बढ़ीं हैं। भीषण गर्मी के बीच महंगाई एक बार फिर आम लोगों को सताने लगी है। पिछले एक साल में जरूरी वस्तुओं के दाम 65 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। सब्जियों की कीमतें इतनी ज्यादा बढ़ गई हैं कि अधिकतर रसोई घरों से अब ये गायब होने लगी हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, प्याज, आलू और टमाटर की कीमतें सबसे अधिक बढ़ी हैं। इनके अलावा, चावल, दाल और खाने-पीने की अन्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर उलपब्ध आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 21 जून को चावल की कीमत 40 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो अब बढ़कर 45 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

# यूरो कप: मटिया के अंतिम क्षणों में किए गोल से इटली आगे बढ़ा

**बर्लिन. दोपहर मेट्रो**



क्रोएशिया के खिलाफ मटिया जाकाग्नि के अंतिम क्षणों के गोल ने 1-1 की बराबरी से मौजूदा चैंपियन इटली को यूरो 2024 के ग्रुप चरण में पहुंचा दिया, जबकि स्पेन ने अंतिम दौर में अल्बानिया पर 1-0 की जीत के साथ ग्रुप बी में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लुका सुसिक ने 20 मीटर से एक जोरदार शॉट लगाकर पांच मिनट पहले क्लियर कट मौका बनाया, जिससे इटली के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को इसे रोकने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, इटली को मैच में पैर जमाने के लिए थोड़ा समय लगा। लेकिन दोनों टीमें अंत तक संघर्ष करती रहीं।

**मोड्रिक ने 55वें मिनट में दागा गोल:** ब्रेक के बाद क्रोएशिया ने बढ़त हासिल की और लुका मोड्रिक ने 55वें मिनट में टीम के लिए पहला गोल दागा। अंतिम क्षणों में इटली ने के मैटिया ने (90+8%) इटली के लिए गोल दागा और मैच का नतीजा 1-1 से बराबरी पर खत्म किया। ग्रुप बी के दूसरे मुकाबले में, अग्रणी स्पेन ने फेरान टोरेस के एकमात्र गोल से अल्बानिया को 1-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला तीन मैच तक बढ़ाया। इन परिणामों के साथ, स्पेन ने 9 अंकों के साथ एक बेहतरीन ग्रुप चरण पूरा किया। उसके बाद ग्रुप-बी में इटली (4 अंक), क्रोएशिया (2 अंक) और अल्बानिया (1 अंक) का स्थान रहा।

## कोपा अमरीका: ब्राजील और कोस्टा रिका के बीच ड्रॉ

**अहमदाबाद, एजेंसी**

लॉस एंजिल्स ञ्च पत्रिका. सोफी स्टेडियम में मंगलवार को ब्राजीलियन फैंस काफी निराश हुए, जब नौ बार के कोपा अमरीका चैंपियन ब्राजील को कोस्टा रिका के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रोमांचक मुकाबले में कोस्टा रिका ने ब्राजील को कड़ी टक्कर दी। दोनों टीमों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी लेकिन गोल करने में सफल नहीं रहे और मैच ड्रॉ हो गया।



### शोएब अख्तर बोले

## दिल कह रहा था रोहित 150 बनाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि मैं रोहित मैच विजयी पारी देख हैरान था। अख्तर ने टीम इंडिया की खूब तारीफ की है। पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज ने कहा, भारतीय टीम जो 'डिप्रेशन' से गुजर रही थी उस 'डिप्रेशन' को उन्होंने जीत में बदल दिया। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से विख्यात अख्तर ने कहा, मेरा दिल कर रहा था कि रोहित 150 रन बनाए।

## स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत की पहल

**नईदिल्ली, एजेंसी**


पूर्व भारतीय क्रिकेटर और यूवीकैन फाउंडेशन के संस्थापक युवराज सिंह और शाओमी इंडिया के अध्यक्ष मुरलीकृष्णन बी. ने मंगलवार को दिल्ली के एयरोसिटी में भारत के 15 राज्यों में 150,000 महिलाओं में स्तन कैंसर की जांच के लिए %स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत% पहल की शुरुआत की है। युवराज सिंह ने कहा, इस बीमारी से हमें डर लगता है और हमारे मन में बहुत चीजें चलती हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### • खुद को निगेटिविटी से दूर रखते हैं कार्तिक

# मैं चुप रहकर सब सुनता हूं, इसमें बहुत ताकत होती है...

एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों फिल्म चंदू चैंपियन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म से एक्टर को ना सिर्फ दर्शकों का प्यार मिल रहा है। बल्कि इंडस्ट्री के लोग भी कार्तिक आर्यन के काम की सराहना कर रहे हैं। जबकि एक समय इंडस्ट्री में उनके बारे में काफी निगेटिव बातें होती थी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कार्तिक ने बताया कि वो निगेटिविटी से खुद को कैसे दूर रखते हैं। कार्तिक आर्यन ने कहा- मैंने निगेटिविटी से अलग रहने की कला सीख ली है। फालतू बातों पर ध्यान देने के बजाय सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता हूं। मेरा मानना है कि आप का काम बोलता है। मैं अपने काम के जरिए जवाब देना पसंद करता हूं। करण जौहर के साथ विवाद और संदीप सिंह के आरोप तक कार्तिक आर्यन चुप रहे। उन्होंने कहा- मैं बोलकर किसी को भी जवाब नहीं देता हूं। मैं अपने काम के जरिए जवाब देना पसंद करता हूं। मैं चुप रहकर सब सुनता हूं। इसमें बहुत ताकत होती है। चंदू चैंपियन' देखने के बाद करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की थी। उन्होंने चंदू चैंपियन का एक पोस्टर शेयर करते हुए कार्तिक आर्यन और डायरेक्टर कबीर खान की तारीफ की थी। करण जौहर ने इस फिल्म को बेहतरीन फिल्म बताया था। बता दें कि 2021 में करण और कार्तिक के बीच अनबन की खबरें आई थीं। जब करण की फिल्म दोस्ताना 2 के लिए कार्तिक को कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में फिल्म के लिए दोबारा से कास्टिंग किए जाने की घोषणा की गई। इस वजह से दोनों के बीच मतभेद की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। वहीं प्रोड्यूसर संदीप सिंह ने कार्तिक आर्यन को लेकर बड़ा दावा किया था कि कार्तिक अब उनके मैसेज का जवाब तक नहीं देते जबकि कभी दोनों साथ में घूमते-फिरते थे। साथ में खाते-पीते थे लेकिन अब कार्तिक उनसे बात तक नहीं करते।



### • पुरानी बात : सेट पर जमकर गालियां देते थे ऋषि कपूर...

# नाना पाटेकर बोले- 'एक से ज्यादा टेक देने को बोलो तो कहते थे-क्या बकवास कर रहा है चल'





बॉलीवुड एक्टर नाना पाटेकर ने दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया है। उन्होंने ऋषि के साथ फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में बताते हुए कहा कि वो सेट पर बहुत गाली देते थे। नाना और ऋषि ने 1995 में आई फिल्म हम दोनों में साथ काम किया था। नाना ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के वक्त उन्हें ऋषि कपूर की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। नाना बोले, गाली बहुत देते थे वो (ऋषि कपूर)। वो चिड़ते भी बहुत थे। वो किसी भी सीन की शूटिंग में एक से ज्यादा टेक नहीं देते थे और कहते थे-हम तुम्हारी तरह थिएटर वाले नहीं हैं। एक और टेक देने की बात पर कहते थे- ज्क्या बकवास बात कर रहा है चल!' नाना ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा, एक बार मैं एक सीन से खुश नहीं था तो मैंने उनसे दूसरा टेक देने को कहा तो उन्होंने मुझसे कहा, डायरेक्टर कौन है? आप या शफी, फिर बोले- हटाओ यार इसको। इसके बाद उन्होंने दूसरा टेक जैसे-तैसे दिया जो कि बेहद खराब था। मैंने उनसे कहा, चिंटू ये बकवास है, इसके बाद तो वो बस बेहद गंदी-गंदी गालियां देने लगे। पांचवे टेक तक तो वो मुझे मारने पर उतारू हो गए लेकिन वो टेक बेस्ट था। मैंने कहा चिंटू यही टेक फिल्म के लिए फाइनल किया है तो वो मुझसे चिढ़ते हुए बोले, हां ठीक है यार। फिल्म हम दोनों की बात करें तो इसके निर्देशक शफी ईनामदार थे। ये एक एक्शन थ्रिलर मूवी थी। फिल्म में पूजा भट्ट भी नजर आई थीं। ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी। ऋषि कपूर से बहुत अच्छी बॉन्डिंग न होने के बावजूद नाना उनसे बातचीत करते रहते थे। खासकर जब ऋषि का कैंसर ट्रीटमेंट चल रहा था तो नाना उनका हालचाल लेते रहते थे। नाना ने कहा कि उस दौरान उनकी ऋषि से खूब बात होती थी। ऋषि कपूर ल्यूकेमिया से पीड़ित थे और उन्हें इलाज के लिए न्यूयॉर्क ले जाया गया था। 2020 में उनका मुंबई में निधन हो गया था।

### • राजा हिंदुस्तानी के डायरेक्टर ने बताया शूटिंग का किस्सा


# आमिर खान को एक सीन में हो रही थी परेशानी, करिश्मा ने तुरंत हल निकाला था

करिश्मा कपूर ने 1996 में रिलीज हुई फिल्म राजा हिंदुस्तानी से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को लोगों ने खूब प्यार दिया था। लेकिन इस फिल्म के एक सीन को करवाने के लिए करिश्मा कपूर ने जिद पकड़ ली थी। दरअसल इस फिल्म में एक गाना है 'तेरे इश्क में नाचेंगे' जिसमें आमिर खान करिश्मा से नाराज रहते हैं। गाने के बीच में एक सीन है जहां आमिर करिश्मा का बाल खींचते हैं। आमिर ये सीन करने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर को भी इसके लिए मना कर दिया था। लेकिन करिश्मा चाहती थीं कि ये सीन हो। फिल्म के डायरेक्टर धर्मेश दर्शन ने एक इंटरव्यू में करिश्मा कपूर को लेकर एक खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि तेरे इश्क में नाचेंगे गाने के एक सीन को राज कपूर से इंस्पायर होकर लिया गया था। इस गाने में करिश्मा कपूर, आमिर खान को नशे में कुछ गलत करने से रोकते हुए नजर आई हैं। धर्मेश ने बताया कि आमिर खान अपने रोल के मुताबिक करिश्मा कपूर का बाल खींचते हुए सीन नहीं करना चाहते थे। उनका कहना था कि जैसा राजा का कैरेक्टर है, उन्हें करिश्मा कपूर का गुस्से में हाथ पकड़ते दिखाया जाना चाहिए। इस कैरेक्टर में बाल खींचना सही नहीं लगेगा। धर्मेश ने बताया कि वो आमिर की बात से सहमत हो गए थे। लेकिन करिश्मा चाहती थीं कि सीन वैसे ही शूट हो, जैसा की पहले तय हुआ था। तब करिश्मा कपूर ने डायरेक्टर को बताया था कि उन्होंने राज कपूर को ऐसा करते देखा है। उन्होंने अपने दादा को महिलाओं का बाल खींचते देखा है। धर्मेश ने कहा कि ये करिश्मा का आइडिया था कि त्तेरे इश्क में नाचेंगेज में आमिर और उनके बीच तनाव के सीन को भी वैसे ही शूट किया जाना चाहिए। करिश्मा की बात सुनने के बाद फिल्म में ये सीन रखा गया।



### अशोका गार्डन में दो दिन पहले हुई थी युवक की हत्या

# हत्या के फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
अशोका गार्डन इलाके में एक युवक को शराब पिलाने के बाद छुरी मारकर हत्या करने वाले दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी, जबकि दो आरोपी अभी फरार है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। जानकारी के अनुसार साईराम कालोनी बजरिया में रहने वाला अरविंद विश्वकर्मा (26) मिस्त्री का काम करता था। कुछ समय पहले उसकी पहचान मोहल्ले में रहने वाली एक युवती से हुई थी, जिसके बाद वह युवती से फोन पर बातचीत करने लगा था। यह बात युवती के भाई को पता चली तो उसने अरविंद को समझाईश दी कि वह उसकी बहन से बातचीत नहीं किया करे। उसके बाद भी अरविंद ने बातचीत करना बंद नहीं किया तो भाई ने अपने दोस्तों को बताया। सोमवार रात चार लोगों अरविंद को शराब पार्टी के लिए एकतापुरी मैदान पर बुलाया था। यहां शराब पिलाने के बाद युवती के भाई ने गाली-गलौज करते हुए बहन से दूर रहने की हिदायत दी। अरविंद ने जब गाली देने से मना किया तो उसने छुरी से हमला कर दिया। इसी बीच एक आरोपी ने पत्थर से सिर पर हमला कर दिया और चारों वहां से भाग निकले। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अमित खटीक निवासी साईराम कालोनी बजरिया और महेंद्र उर्फ वंश ठाकुर निवासी कल्याण नगर भानपुर को गिरफ्तार किया था। दो अन्य आरोपियों गुलशन मिश्रा और हर्ष महावर की तलाश में पुलिस की टीम लगाई गई हैं।

## खेत पर काम कर रहे परिवार पर दबंगों ने किया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित हबीबगंज सरखंडी में ट्रैक्टर पर भरकर आए दबंगों ने खेत पर काम कर रहे किसान और उसके परिवार पर से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। किसान के परिवार के पांच लोगों को चोट आई है। हबीबगंज सरकंडी बैरसिया निवासी प्रेम नारायण साहू ने बताया कि उनका खेत महुआ खेड़ा जोड़ के पास है। जिसे पिछले साल खेत के पास रहने वाले बालकिशन गुर्जर को बटाई पर दिया था। एक साल पूरा होने के बाद जब प्रेम नारायण अपने खेत में खुद खेती करने लगे बाल किशन जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत प्रेम नारायण ने बैरसिया थाने में की थी। पुलिस ने समझाइए देकर प्रेम नारायण को खेत में बुआई करने को कहा था। बुधवार जब प्रेम नारायण अपने भाइयों के साथ खेत गए तभी बाल किशन गुर्जर अपने परिवार के सदस्य हरिनारायण, राजाराम, गोपाल, निरंजन, और रघुवीर, सूरज सिंह के साथ ट्रैक्टर में बैठकर खेत पहुंच गए। उन्होंने धारदार हथियारों से प्रेम नारायण, राजेश और मदन लाल पर हमला कर दिया। पुलिस ने हरिनारायण, राजाराम, गोपाल, निरंजन, और रघुवीर, सूरज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## कार्यवाहक उपनिरीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल।** कार्यवाहक उपनिरीक्षकों को इंडक्शन कोर्स के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एसीपी महिला सुरक्षा निधि सक्सेना ने कार्यवाहक उपनिरीक्षकों को प्रशिक्षण किया। उपनिरीक्षकों को एसजेपीयू, गौरवी वन स्टाफ सेंटर, जेजे बोर्ड, सीडब्यूसी, चाइल्ड लाईन एवं कमिश्नर प्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिला सुरक्षा शाखा उपायुक्त कार्यालय नगरीय पुलिस भोपाल की उप निरीक्षक कविता ऊईके, निधि त्रिपाठी एवं समस्त स्टाफ द्वारा संपन्न कराया गया।

## इलेक्ट्रिक रिक्शा समेत 7 दोपहिया वाहन चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
शहर में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार जारी हैं। पिछले चौबीस घंटों के भीतर बदमाश एक इलेक्ट्रिक रिक्शा समेत 7 दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए. पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शाहजहांनाबाद थानांतर्गत भोपाल टाकीज स्थित कब्रिस्तान के गेट के पास खड़ा मो. असलम खान का इलेक्ट्रिक रिक्शा चोरी हो गया। चोरी गए रिक्शे की कीमत अस्सी हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार कमला नगर से प्रमोद कुमार, कच्ची मार्केट पिपलानी से अनिल देशमुख और साकेत नगर बागसेवनिया से राजीव कुमार का दोपहिया वाहन चोरी हो गया। इधर गोविंद गार्डन ऐशबाग से हर्ष महेजा, रत्नागिरी कलारी के पास से रामकिशन वंशकार, बीडीए कालोनी मल्टी सलैया से कैलाश सिंह और मनुआभान की टेकरी कोहेफिजा से राज साकेत की मोटर सायकिल चोरी हो गई. पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



# छोला मंदिर के खेजड़ा में दिनदहाड़े जेवरात और 50 हजार चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** छोला मंदिर इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए. पुलिस के मुताबिक अर्चना कोरी (27) ग्राम खेजड़ा बरामद छोला मंदिर में रहती हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे वह घर पर ताला लगाकर काम से चली गई थी। कुछ समय बाद लौटी तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे जेवरात और नकदी 50 हजार रुपए गायब थे। इधर अरेरा कालोनी हबीबगंज स्थित एक निमाणार्धीन मकान से चोर दो गैस सिलेंडर और बर्तन समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने रुस्तम अंसारी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### बागसेवनिया और निशातपुरा में भी वारदात

नकबजनों ने बागसेवनिया स्थित एमआईजी, अमराई में भी डॉक्टर प्रमोद चंद्रा के सूने मकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए का माल चुरा लिया। डॉक्टर चंद्रा ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ गत 22 मई को बाहर गए थे। वहां से बुधवार सुबह ही लौटे तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाशों ने अमलारी का लॉकर तोड़ लिया है। बदमाश उनके घर से पांच हजार रुपए की नगदी, घड़ी अंगूठी, चांदी के बर्तन समेत एक लाख रुपए का माल चुराकर ले गए हैं।

### गैस गोदाम से गैस चूल्हें चुराकर ले गए बदमाश

निशातपुरा पुलिस ने बताया कि दीपक जाट गैस एजेंसी का संचालन करते हैं। उनका इलाके में गैस गोदाम है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उनके गोदाम का ताला तोड़कर बदमाश दस गैस चूल्हे चुराकर ले गए।

## गांजा तस्करों से बाइस किलो गांजा बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
राजधानी की पिपलानी पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से बीस किलो गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार श्यामला हिल्स पुलिस ने भी एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उससे दो किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने सभी गांजा तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक पर बाइक सवार दो युवकों को वेदांत स्कूल के पास रोका था। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से बीस किलो गांजा मिला। आरोपियों की पहचान राजकुमार मालवीय और यशपाल मालवीय के रूप में की गई। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख रुपए है। इसी प्रकार कल बुधवार शाम बाल संप्रेषण गृह के पास से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आमिर खान को गिरफ्तार किया था। उसकी लताशी लेने पर पुलिस को दो किलो गांजा बरामद किया।

### एक्सीडेंट में घायल पुलिसकर्मी की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
एमपी नगर इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुए एक पुलिस कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नागेंद्र कुमार मिश्रा (58) जहांगीराबाद में रहते थे और सातवीं वाहिनी में प्रधान आरक्षक थे। करीब डेढ़ महीने पहले एमपी नगर स्थित मोटल शिराज के पास पैदल जाते समय एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया था। उसके बाद नागेंद्र का अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां बुधवार दोपहर को उन्होंने दम तोड़ दिया।




### बदबू आने पर पड़ोसियों ने दी थी सूचना

## कमरे में मिली युवक की पांच दिन पुरानी सड़ी-गली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित फार्चून कस्तूरी कॉलोनी जाटखेड़ी में बुधवार दोपहर कमरे से युवक की पांच दिन पुरानी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश पूरी तरह से डिकम्पोज हो चुकी थी और कीड़े पडकर जगह-जगह से खून रिसने लगा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पंचनामा बनाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। गुरुवार को छत्तीसगढ़ से परिजन के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि फार्चून कस्तूरी कॉलोनी जाटखेड़ी में एक बंद कमरे से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कमरे के भीतर जाने पर बिस्तर पर युवक का सड़ा-गला शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम भी मौका-मुआयना करने पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त अमनदीप पुत्र बलवंत सिंह (32) निवासी छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है। मृतक के पास मिले मोबाइल व दस्तावेज के आधार पर परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। गुरुवार को परिजनों के आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि मृतक यहां काम करता था या किराए के कमरे में रहकर पड़ाई करता था। मौत के कारण भी स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस को कोई नोट अथवा सुसाइड नोट भी मौके से नहीं मिला है।



**मेट्रो एंकर** बैरसिया में श्मशाबाद जोड़ पर आईटीआई के पास हुआ हादसा

# कांस्टेबल की बोलेरो को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित श्मशाबाद जोड़ आईटीआई के पास बुधवार सुबह करीब चार बजे के आसपास अज्ञात वाहन ने कांस्टेबल की बोलेरो को टक्कर मार दी। इस हादसे के एक युवक की मौत हो गई, जबकि कांस्टेबल को चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। एसआई हेमंत सिंह ने बताया कि कृष्णकुमार कांस्टेबल है और उसकी ड्यूटी ललरिया चौकी में चल रही है। बुधवार सुबह करीब चार बजे वह अपनी बोलेरो से श्मशाबाद, आईटीआई के पास से गुजर रहा था। उसके साथ परिचित रवि मीणा पिता घनश्याम मीणा (30) निवासी मनखेड़ा, थाना अहमदपुर जिला सीहोर था। बोलेरो कृष्ण कुमार चला रहा था। आईटी आई के पास के उसकी बोलेरो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर कंडक्टर साइड से लगने के कारण बोलेरो में बैठे रवि मीणा को गंभीर चोट आई थी। दोनों को पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही रवि को मृत घोषित कर दिया। टक्कर बोलेरो में सामने से कंडक्टर साइड से लगी थी। टक्कर लगने से बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घायल कृष्ण कुमार के अभी बयान नहीं हो सके हैं। हादसे के समय दोनों कहां जा रहे थे। अभी कुछ पता नहीं चल सका है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022